

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



चाय से जुड़े इन भ्रमों में नहीं हैं कोई सच, ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 27 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 95 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कांग्रेस पर बरसे सीएम योगी आदित्यनाथ

### कहा- असत्य के मार्ग पर चलने वाले और अपने देश की निंदा करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में रविवार को उनकी पार्टी द्वारा आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम पर तंज करते हुए कहा कि असत्य के मार्ग पर चलने वाले लोग सत्याग्रह नहीं कर सकते। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर तंज करते हुए कहा कि असत्य के मार्ग पर चलने वाला सत्याग्रह की बात नहीं कर सकता।

आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने देश की निंदा करने और उसे कठघरे में खड़ा करने वाला कोई भी व्यक्ति सत्याग्रह नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में डूबे हुए और लोकतंत्र को कमजोर करने वाले लोग सत्याग्रह नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि देश को भाषावाद और क्षेत्रवाद जैसे 'तमाम वादों' में बांटने वाले लोग आज सत्याग्रह कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भारत के जवानों के प्रति जिनके मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव नहीं है, वे सत्याग्रह की बात नहीं कर सकते। गौरतलब है कि सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के एक मामले में दो साल कैद की सजा सुनाए जाने के चलते कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस रविवार को पूरे देश में सत्याग्रह आंदोलन कर रही है।

## खालिस्तानी प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा चूक पर भारत हुआ सख्त, Canada के उच्चायुक्त को किया तलब



नयी दिल्ली। भारत के राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा चूक के मामले में अब भारत ने सख्त रुख अख्तियार किया है। राजनयिक मिशन के खिलाफ खालिस्तानी समर्थक अतिवादी तत्वों के हालिया कृत्यों के मद्देनजर कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके को तलब किया है। भारत ने शनिवार को उच्चायुक्त को तलब कर अतिवादी तत्वों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा है। इस संबंध में विदेश मंत्रालय की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया है। इस बयान मे कहा गया कि उसने शनिवार को मैके को तलब किया और स्पष्टीकरण मांगा कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद "अलगाववादी एवं अतिवादी तत्वों" को भारत के राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों की सुरक्षा का उल्लंघन करने की अनुमति कैसे मिल गई? इसके साथ ही भारत सरकार ने कनाडा उच्चायुक्त को वियना कन्वेंशन की याद दिलाते हुए दूतावास और मिशन की सुरक्षा सुनिश्ति करने को कहा है। घटना को अंजाम देने वालों की पहचान किए गए लोगों की गिरफ्तारी की मांग भी की गई है। खालिस्तान समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में गत रविवार को आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। विरोध प्रदर्शन की रिपोर्टिंग करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भारतीय मूल के पत्रकार समीर कौशल पर भी प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि कनाडा को वियना संधि के तहत उसके दायित्वों की याद दिलाई गई और ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने तथा उन पर मुकदमा चलाने के लिए कहा गया जिनकी पहचान इस तरह के कृत्यों में शामिल होने वाले व्यक्तियों के तौर पर पहले ही की जा चुकी है। मंत्रालय ने आशा व्यक्त की कि कनाडा सरकार भारत के राजनयिकों और उसके राजनयिक परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएगी ताकि वे अपने सामान्य राजनयिक कार्यों को पूरा कर सकें। कनाडा में हाल में खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। इन तत्वों ने कुछ हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ भी की है। इस महीने की शुरुआत में, खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमला किया था और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ की थी। बता दें कि पंजाब में वारिस पंजाब दे के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर खालिस्तानियों ने कनाडा में ये कदम उठाया है। अमृतपाल के फरार होने के बाद से ही खालिस्तानी समर्थक भड़के हुए है। अमेरिका और ब्रिटेन में भी ये कई हमले कर चुके है।

## Umesh Pal Murder Case में यूपी पुलिस की टीम पहुंची साबरमती जेल

### अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज लाने की तैयारी



नई दिल्ली। बीजेपी नेता उमेश पाल की हत्या के मुख्य आरोपी अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से वापस यूपी लाने की तैयारी तेज हो गई है। यूपी पुलिस की टीम अतीक अहमद को लेने गुजरात पहुंच गई है। अतीक अहमद को सड़क के रास्ते गुजरात से यूपी लाया जाएगा। जेल से उसे सड़क के रास्ते उत्तर प्रदेश तक लाने के लिए रविवार यानी 26 मार्च की सुबह अतीक अहमद का मेडिकल कराया गया है। अतीक का मेडिकल टेस्ट होने के बाद उसे वापस लाने की तैयारियां शुरू हो गई है। यूपी एसटीएफ की टीम उसे लेकर जल्द ही साबरमती जेल से रवाना हो सकती है। वहीं यूपी लाने के बाद पुलिस प्रयागराज में उससे उमेशपाल हत्याकांड के मामले में पूछताछ करेगी। 28 मार्च को होनी है सुनवाईः उमेश पाल किडनैपिंग और हत्याकांड के मामले में कोर्ट को 28 मार्च को फैसला सुनाना है। इस मामले में अतीक अहमद का नाम भी शामिल है। कोर्ट ने इस मामले में फैसला पिछली सुनवाई के दौरान ही सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद अब फैसला सुनाने के दौरान अतीक अहमद का कोर्ट में रहना जरुरी है, जिसके लिए उसे साबरमती जेल से यूपी लाया जाएगा। इसके लिए यूपी पुलिस ने कोर्ट से अतीक अहमद को वापस राज्य में लाने की इजाजत भी मांगी थी।

## देश में पिछले 149 दिन में सबसे अधिक कोविड के 1890 मामले सामने आये



नयी दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के 1890 नए मामले सामने आये हैं जो कि 149 दिन में सबसे अधिक हैं। इसके बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 9433 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में पिछले साल अक्टूबर में एक दिन में 2208 मामले सामने आए थे। मंत्रालय ने बताया कि सात और संक्रमितों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,831 हो गई है। इनमें से दो–दो मौतें महाराष्ट्र और गुजरात में 24 घंटे के दौरान हुई जबकि केरल ने पूर्व के रिकार्ड का मिलान करने के बाद तीन मरीजों की मौत की जानकारी दी। दैनिक संक्रमण दर 1.56 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.29 प्रतिशत है। कोविड–19 के कुल मामले 4.47 करोड़ (4,47,04,147) हो गए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.79 प्रतिशत है। अबतक 4,41,63,883 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अबतक कोविड रोधी टीके की 220.65 करोड़ खुराकें लगाई जा चुकी हैं।

## बहुमंजिला इमारत के एक फ्लैट में आग लगी, पांच महिलाएं अस्पताल में भर्ती



मुंबई। मुंबई के कांजुरमार्ग स्थित एक आवासीय इमारत की चौथी मंजिल के एक फ्लैट में रविवार सुबह आग लगने के बाद पांच महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन बुजुर्ग महिलाएं हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कर्वे नगर के म्हाडा कॉलोनी स्थित एक बहुमंजिला इमारत के एक फ्लैट में सुबह नौ बजकर करीब 26 मिनट पर आग लग गई और करीब 45 मिनट बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया, आग बिजली के तारों, कॉमन मीटर केबिन के साथ–साथ इलेक्ट्रिक डक्ट तक ही सीमित थी। दमकल विभाग और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और फंसे हुए पांचों महिलाओं को वहां से निकाला गया। उन्होंने बताया, "पांचों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी की हालत स्थिर है।

## राहुल गांधी का समर्थन नहीं, उनके खिलाफ भाजपा की अलोकतांत्रिक कार्रवाई का विरोध करते हैं: माकपा



तिरुवनंतपुरम। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को कहा कि लोकसभा से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराने संबंधी उसके बयान कांग्रेस नेता के समर्थन में नहीं हैं, बल्कि वह उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अलोकतांत्रिक कार्रवाई का विरोध कर रही है। माकपा के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि वाम दल ने हमेशा अलोकतांत्रिक कार्रवाइयों के खिलाफ रुख अपनाया है, जिस तरह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "राहुल गांधी के मामले में कुछ ऐसा ही हुआ है। हमने राहुल गांधी के समर्थन की घोषणा नहीं की। हमने उनके खिलाफ की गई अलोकतांत्रिक कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है।" गांधी को उनकी "मोदी सरनेम" वाली टिप्पणी पर 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में 23 मार्च को सूरत की एक अदालत ने दोषी ठहराया और दो साल की जेल की सजा सुनाई।

## Priyanka Gandhi के बयान पर बीजेपी का पलटवार, सुधांशु त्रिवेदी ने कहा: कांग्रेस खुद को कानून से ऊपर मानती है




नई दिल्ली। कांग्रेस के संकल्प सत्याग्रह के दौरान पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधा है। राजघाट पर आयोजित इस सत्याग्रह में हिस्सा लेने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन जैसे बड़े नेता सुबह–सुबह राजघाट पहुंचे। पुलिस ने यहां धारा 144 लगा दी, लेकिन नेता और कार्यकर्ता इसके बावजूद पहुंचे। इसके बाद अब बीजेपी भी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी के सत्याग्रह पर कई सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि ये लोकतंत्र के अपमान करने जैसा है। उन्होंने कहा कि सत्याग्रह के नाम पर महात्मा गांधी जी की समाधि पर कांग्रेस पार्टी ने जो किया है उसे सत्याग्रह नहीं दुराग्रह कहा जाता है। ये निर्लज्जता का उदाहरण है जो कांग्रेस पार्टी ने आज पेश किया है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने एक बार फिर साबित किया है कि वो कानून से भी ऊपर खुद को समझते है। उन्होंने कहा कि राहुल की सांसदी कानून के मुताबिक गई है। ये सब न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा था। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी ने रविवार की सुबह बयान दिया था कि लोकतंत्र को मेरे परिवार ने सींचा है। इस बयान पर पलटवार करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इतिहास में बताया गया कि गांधी जी ने बिना खून बहाए अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए देश को आजादी दिलाई थी। प्रियंका जी को तय करना चाहिए कि कांग्रेस के किन लोगों ने खून बहाया है। कांग्रेस का एक भी राष्ट्रीय स्तर का नेता बताएं जिसने देश के लिए खून बहाया हो, काला पानी की सजा काटी या अंग्रेजों की गोली खाई है। उन्होंने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि आपकी दादी के खिलाफ न्यायालय में दोष साबित हुआ था। आपके पिता राजीव गांधी का नाम बोफोर्स घोटाला मामले में आया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार पिछड़े समाज का अपमान करती आई है। इसी का नतीजा है कि पार्टी ईमानदारी के साथ माफी मांगने की जगह जाति का अपमान करने में पीछे नहीं हती है। प्रियंका गांधी ने परिवारवाद पर बात करते हुए भगवान श्रीराम का जिक्र भी किया था। इस मुद्दे पर वार करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम से तुलना करना बेहद निंदनीय और दुखद है। गांधी जी के अंतिम शब्द हे राम थे। आज प्रभु श्रीराम की बात करने वाले राम मंदिर के खिलाफ खड़े थे। राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पार्टी आज खुद श्रीराम की बात कर रही है।

## बीआरएस ने कर्नाटक विस चुनाव में देवेगौड़ा की जनत दल (एस) को समर्थन दिया



बेंगलुरु। जनता दल (एस) को एक स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए, भारत राष्ट्र समिति ने कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनावों में पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी को पूर्ण समर्थन देने का फैसला किया है। बीआरएस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी पहले कल्याण–कर्नाटक (पहले हैदराबाद–कर्नाटक के रूप में जाना जाता था) में कुछ सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने पर विचार कर रही थी। पार्टी अपनी विस्तार रणनीतिक के तहत इस पर विचार कर रही थी लेकिन उसने अब यह विचार त्याग दिया है। बीआरएस के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई–से कहा, " जद (एस) हमारी स्वाभाविक सहयोगी है और हम पार्टी के साथ जाएंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जद (एस) चुनावों में सफल रहे।" सूत्रों ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, जद (एस) की उन सीटों पर उम्मीदवारों के लिए निश्चित रूप से प्रचार करेंगे जहां तेलुगु भाषी लोगों की आबादी ज्यादा है। कर्नाटक में मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।






## कांग्रेस पर बरसे गृह मंत्री अमित शाह कहा- राजनीति के लिए किया आरक्षण का उपयोग




नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार 26 मार्च को कर्नाटक के एकदिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के बीदर जिले में स्थित गोराता गांव में 103 फीट ऊंचा तिरंगा लहराया। इसके अलावा उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया है। इसके बाद उन्होंने एक चुनावी रैली को संबोधित किया और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने चुनावी सभा में संबोधन के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यकों को आरक्षण संविधान के अनुरुप नहीं दिया। धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान संविधान में उल्लेखित नहीं है। मगर कांग्रेस ने वोटबैंक की राजनीति का लाभ उठाने के लिए अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ही अल्पसंख्यकों को आरक्षण का लाभ दिया है।

### लहराया 103 फीट का तिरंगा

गोराता गांव में पहुंचकर अमित शाह ने 103 फीट ऊंचे तिरंगे को लहराया। उन्होंने कहा कि गोराता गांव में ढ़ाई फीट ऊंचे तिरंगे को लहराने पर निर्दयी निजाम के कहने पर उसकी सेना ने हजारों निर्दोष लोगों की जान ले ली थी। हम गर्व से कह सकते हैं कि उसी धरती पर हमने 103 फीट ऊंचा तिरंगा लहराया है। उन्होने कहा कि आज बलिदानियों के स्मारक भी इस जमीन पर है। सरदार पटेल का जिक्र करते हुए उन्होंने काह कि आज के समय में सरदार पटेल की बदौलत ही हैदराबाद को आजादी नसीब हुई थी। अगर सरदार पटेल ना होते तो हैदराबाद भी आजाद ना होता, बीदर भी आजाद ना होता। बता दें कि यहां सरदार पटेल की 20 फीट की प्रतिमा है, जिससे पता चलता है कि उनके सफल प्रयासों से ही हैदराबाद भारत का हिस्सा बना था।

### बीजेपी ने मुसलमानों को दिया आरक्षण हटाया

बता दें कि हाल ही में कर्नाटक में सरकार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की सुविधा को समाप्त किया है। मुसलमानों की जगह ये आरक्षण वीशेव लिंगायत और वोक्कालिगा को मिला करेगा। मुसलमानों को आरक्षण दिए जाने का फैसला कर्नाटक सरकार की कैबिनेट बैठक में वापस लिया गया है।

# पीर रतननाथ की शोभायात्रा देवीपाटन पहुंची

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। नेपाल दांग चौखड़ा से रतननाथ योगी जी की शोभायात्रा नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को शक्तिपीठ देवीपाटन पहुँची। भारत–नेपाल की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर दोनों देशो की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सम्बन्धों की प्रगाढ़ता की निशानी है। हर साल यहां चौत्र नवरात्र में नेपाल से बाबा रतननाथ की ऐतिहासिक पात्र देवता के रूप में शोभायात्रा आती है जो देवीपाटन मंदिर पर आकर ठहरती है। यह यात्रा न केवल भारत–नेपाल के लिए बल्कि सात समन्दर पार रहने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बनी।नेपाल के दांग से अमृतकलश यात्रा हर साल निकलती है। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु अपने आराध्य देवता और अक्षयपात्र के साथ पैदल भारत आते हैं। इस यात्रा में नौ दिन का समय लगता है। जनकपुर



महादेव मुक्तेश्वर नाथ मन्दिर पर दो दिन ठहरकर देवीपाटन के लिए रवाना हो जाते हैं।सिद्ध पीर बाबा रतननाथ नेपाल राष्ट्र के दॉग के राजा और गुरू गोरक्षनाथ के भी शिष्य थे। कहा जाता है कि इन्होंने ही शक्तिपीठ देवीपाटन का निर्माण कराया था। जनश्रुति है कि मां पाटेश्वरी की पूजा के लिए बाबा प्रतिदिन दॉग से यहां आते थे। माता पाटेश्वरी के अनन्य भक्त बाबा रतननाथ सात सौ वर्षो तक जिन्दा थे। बाबा के गोलोकवासी होने के बाद गुरूगोरक्षनाथ द्वारा दिए गए अमृत कलश को बाबा रतननाथ के प्रतिनिधि के रूप में नेपाल के दांग से देवीपाटन लाया जाता है। बताते हैं इस अमृतकलश के दर्शनमात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इसीलिए इस कलश के दर्शन के लिए दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं।51 शक्तिपीठों में से एक देवीपाटन शक्तिपीठ की देशभर में बहुत मान्यता है। पीर रतननाथ बाबा गोरक्षनाथ के भी शिष्य थे। बाबा गोरक्षनाथ ने पीर रतननाथ को एक अक्षयपात्र दिया था। इसी अक्षयपात्र को हर साल नेपाल से देवीपाटन मंदिर में बड़ी धूमधाम से लाया जाता है। यह सिलसिला विक्रम संवत 809 से शुरू हुआ था। शोभायात्रा प्रति वर्ष चौत्र नवरात्र के पंचमी के दिन शक्तिपीठ देवीपाटन पहुंचती है। बताया जाता है कि बाबा रतननाथ आठ प्रकार के सिद्धियों के स्वामी थे। उन्होंने विश्व भ्रमण के दौरान मक्का–मदीना में मोहम्मद साहब को भी ज्ञान दिया था। तब मोहम्मद साहब बाबा रतननाथ से इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने बाबा रतननाथ को पीर की उपाधि दी। इसलिए इन्हें सिद्ध पीर बाबा रतननाथ के नाम से जाना जाता है।

## नेपाल के पुजारी संभालते हैं कमान

शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के शिष्य रतननाथ की पूजा से मां पाटेश्वरी इतनी प्रसन्न हुई कि इनसे वरदान मांगने को कहा। तब रतननाथ ने कहा माता मेरी प्रार्थना है कि यहां आपके साथ मेरी भी पूजा हो। देवी ने उन्हें मनचाहा वरदान दे दिया। तभी से मां पाटेश्वरी मंदिर प्रांगण में दलीचा में अमृतकलश को स्थापित कर नवमी तक उनकी पूजा होती है। दलीचे में चौत्र नवरात्रि की पंचमी से लेकर नवमी तक रतननाथ बाबा की पूजा होती है। इनकी पूजा के दौरान घंटे व नगाड़े नहीं बजाए जाते है। मां पाटेश्वरी की पूजा सिर्फ रतननाथ जी के पुजारियों द्वारा ही की जाती है। शोभायात्रा के साथ आए पुजारी पांच दिनों तक मंदिर के पुजारियों को विश्राम देकर पूजा की कमान खुद संभालते हैं।शोभायात्रा स्थानीय नकटी नाले पर विश्राम कर प्रातः काल नगर से होते हुए देवीपाटन पहुँची उक्त अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम के साथ गणमान्य नागरिक विधायक कैलाश शुक्ला पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा राजनैतिक सामाजिक संस्था के अन्य लोग तथा दूरदराज से आये नरनारी जयकारा लगाते हुए चल रहे थे।देवीपाटन प्रवेश द्वार पर महन्थ मिथिलेश नाथ योगी अपने शिष्यों के साथ अमृतकलश की अगवानी कर स्वागत किया तथा पूजन अर्चन के बाद प्रसिद्ध दलीचे में उन्हें स्थापित किया।

# वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देता है सनातन धर्म : महंत योगी रमेन्द्र नाथ

## विश्व हिन्दू महासंघ के विस्तार से सबल होगा हिन्दुत्वः अखिलेश सिंह






दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती।रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह के संयोजन में हिन्दू नव वर्ष, नवरात्रि के अवसर पर दुबौलिया विकास खण्ड के मंझरिया तुर्कीपुर में दो दिवसीय अनुष्ठान अखण्ड रामायण, भण्डारे और कार्यालय के उद्घाटन सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में गोरक्षनाथ मंदिर के मुख्य महंत योगी रमेन्द्र नाथ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व हिन्दू महासंघ को विस्तार दिया। यह प्रसन्नता की बात है कि पूर्वान्चल के साथ ही देश और दुनियां के विभिन्न हिस्सों महासंघ से जुडे लोग हिन्दुत्व, भारतीय जीवन दर्शन की ध्वजा को फहरा रहे हैं। इतिहास के अनेक प्रसंगों की विस्तार से चर्चा करते हुये महंत योगी रमेन्द्र नाथ ने कहा कि सनातन धर्म वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देता है। हमें अपनी जड़ों से संदेश लेकर जाति, पांति में विभाजित होने की जगह एकजुट होना होगा।विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि समूचे जनपद में ब्लाक स्तर पर इकाईयां गठित की जा चुकी हैं और प्रायः सभी महत्वपूर्ण विन्दुओं पर महासंघ निरन्तर गांव से शहर तक हिन्दूत्व की रक्षा, समन्वय और विकास की दिशा में आगे बढ रहा है। कहा कि दुबौलिया में जो ब्लाक स्तरीय कार्यालय खुला है वह निश्चित रूप से क्षेत्र की जनता को ताकत देगा। जिला महामंत्री विजयशंकर शुक्ल ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये कहा कि हिन्दुत्व एक विचारधारा है और हमारी संस्कृति, सभ्यता के साथ कोई छेड़ छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।अखण्ड रामायण, हवन यज्ञ और भण्डारा एवं दुबौलिया कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से सौरभ त्रिपाठी, बिन्दु गोपाल त्रिपाठी, अनुज गुप्ता, शैलेन्द्र विक्रम सिंह, ई. वीरेन्द्र मिश्र, श्वेतांक शेखर सिंह, सुनील सिंह, के.के. सिंह, श्यामशंकर शुक्ल, महेश हिन्दुस्थानी, मुन्ना सिंह, राहुल कमलापुरी, राकेश सिंह, अजय मिश्रा, अमरजीत सिंह, बाबा जय प्रकाश दास, देवेन्द्र सिंह बबलू, सचिन त्रिपाठी, चन्द्रेश पाठक, विनोद सिंह, चंद्रमणि पाठक शानू, डा. परशुराम साहनी, राजकुमार उर्फ मंटू चौधरी, सतीश पाण्डेय 'पप्पू', दुर्गेश सिंह, शीतला प्रसाद गिरी, जितेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह नारायण, प्रदीप सोनी, प्रेम प्रकाश 'हिन्दू' के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# छुट्टा पशु मुक्त किए जाने का फरमान अफसरों की जान सांसत बन गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ



की ओर से हर जिले की 31मार्च तक छुट्टा पशु मुक्त किए जाने का फरमान अफसरों की जान सांसत बन गया है।साल भर हाथ पर हाथ धरे बैठे अफसरों के पसीने छूट रहे हैं कि महज चार दिनों में कैसे छुट्टा पशुओं से निपटा जाए।बता दें कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक छुट्टा पशु मुक्त किए जाने का आदेश है। किसानों के लिए जबर्दस्त संकट बन चुके छुट्टा मवेशियों से निपटने के लिए शासन के निर्देश पर अब तक दो दर्जन से अधिक अभियान चल चुके हैं।यह तहसील के हर ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चला लेकिन छुट्टा पशु भारी पड़े।यह हाल तब है जब कि तीन वर्षों के दौरान तहसील के सभी ग्राम पंचायतों और नगर पालिका के अन्तर्गत गौशलाएं हैं।प्रत्येक गौशालाओं में भूसे चारे समेत अन्य व्यवस्था के दावे किए जाते हैं लेकिन स्थिति जस की तस है।खुद जिम्मेदार तक स्वीकार करते हैं कि छुट्टा पशु लाइलाज बीमारी है लाख प्रयास के बाद भी इन पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है। हवा में चलाए गए अभियानों में छुट्टा पशु पकड़ने की रस्म अदायगी की गई नतीजा अब जिम्मेदारों के पसीने छूट रहे हैं।

### सड़कों पर अक्सर दिख जाते हैं छुट्टा पशु

विकास खंड उतरौला के गांवों तिलखी बढ़या व गरीब नगर,मानापार बहेरिया,महिली,बरमभारी,गरीब नगर ,बभनी बुजुर्ग,रेहरा माफी,नगर पालिका समेत कुल आठ गौशालाएं हैं।और वहां देखभाल के लिए केयर टेकर की नियुक्ति है फिर भी कस्बे के चौराहों व गलियों में छुट्टा पशु घूमते दिख जाएगें।

### जिम्मेदार के बोल

हमें 500 छुट्टा पशुओं को पकड़ने का लक्ष्य मिला है हालाकि हमने 400से ऊपर पशुओं को संरक्षित किया है लेकिन लोग लगातार अपने पशुओं को छोड़ रहे हैं। और गांव में गौशाला निर्माण का काम चल रहा है। जल्द ही छुट्टा पशुओं से छुटकारा मिल जाएगा।

**डा0 धर्मेन्द्र कुमार ,पशु चिकित्साधिकारी उतरौला**

# एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का कृषि विज्ञान केन्द्र बन्जरिया में आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भूमि संरक्षण अनुभाग (कृषि विभाग) द्वारा संचलित योजनाओं पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, राष्ट्रीय कृषि सतत मिशन योजना एवं प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत (खेत तालाब योजना) का एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बन्जरिया में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि डा० राजेश कुमार प्रजापति, मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती, अनिल कुमार, उप कृषि निदेशक बस्ती, अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी बस्ती, डा० राज मगल चौधरी भूमि सरक्षण अधिकारी बस्ती मनीष कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी बस्ती सन्तोष कुमार दूबे जिला उद्यान अधिकारी बस्ती संदीप वर्मा सहायक निदेशक मतस्य एव भूमि संरक्षण अनुभाग के कर्मचारी तथा परियोजनाओं के कृषक गण उपस्थित हुये। कार्यक्रम का



शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित करके किया. मंच संचालन का कार्य कृषि विज्ञान केन्द्र बन्जरिया के वैज्ञानिक डा० बी० बी० सिंह के द्वारा किया गया। कृषकों को भूमि संरक्षण अनुभाग से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी, कृषकों को खेत तालाब योजनान्तर्गत तालाब खुदवाने से होन वाले आर्थिक लाभ की जानकारी उपलब्ध कराते हेतु तालाब खुदवाने के लिये प्रेरित किया गया। सहायक निदेशक, मतस्य द्वारा मतस्य पालन के विषय में नवीनतम तकनीकी जानकारी कृषकों को उपलब्ध करायी गयी, जिसमे विभिन्न आय वर्ग के कृषकों को विभिन्न योजनाओं की गहनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिला उधान अधिकारी ने अपने विभाग से चलायी जा रही सिंप्रकलर सिंचाई. सूक्षम सिचाइ ड्रिप सिंचाई की योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी कृषको प्रदान किया। उप कृषि निदेशक महोदय द्वारा कृषि विभाग से संचालित एन०एफ०एस०एम०, इनसी, कुसुम सोलर फार्म मशीनरी बैंक आदि योजनाओं की गहन जानकारी से कृषकों को अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती के विषय में कृषकों को विशेष जानकारी दी गयी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र बन्जरिया में स्थापित पाली हाउस तालाब कुक्कुट पालन में कड़क नाथ प्रजाति मोटे अनाज के जौ के खेत, उधान में अजीर तथा सेब की बागवानी आदि कृषकों का दिखा कर कृषि वैज्ञानिक डा० बी०बी० सिंह द्वारा आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी. मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भूमि संरक्षण अनुभाग (कृषि विभाग) में संचालित योजनाओं से लाभान्वित कृषकों को प्रमाण–पत्र वितरण किया गया।

# फिजिक्स वाला का बैच मिलने पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने खुशी जताई

बस्ती। सिटी मांटेसरी स्कूल बस्ती को फिजिक्स वाला का बैच मिलने पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने खुशी जताई आज फिजिक्स वाला के प्रतिनिधि आदित्य श्रीवास्तव के सीएमएस विद्यालय आने पर विद्यालय के प्रबंधक अनूप खरे एवं प्रधानाचार्य श्रीमती नूपुर त्रिपाठी ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं फिजिक्स वाला का



बैच देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि आज पूरे देश की निगाह फिजिक्स वाला पर लगी है और देश को बेहतर शिक्षा कम शुल्क में देने का अभियान फिजिक्स वाला संस्था ने चलाया है उसी अभियान के तहत सीएमएस विद्यालय को न्यूनतम शुल्क में वह अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।उपस्थित छात्रों में मोहम्मद एहतेशाम हेड बॉय, मयंक त्रिपाठी डिप्टी हेड बॉय, श्रेया सिंह हेड गर्ल, हलीमा हुसैन डिप्टी हेड गर्ल, अलंकित चंद रतन, अनुश्री पटेल, आयुष चौहान ,अंकित पांडे, उत्कर्ष सिंह, साक्षी श्रीवास्तव , राजवर्धन हलदर ,रिसिता श्रीवास्तव , दिव्याँशी श्रीवास्तव,अभय शंकर मिश्रा, अभय चौधरी ,आदि बच्चों के साथ विद्यालय के अध्यापकों में सालिम हाशमी, संध्या त्रिपाठी ,सुषमा श्रीवास्तव ,सूरज श्रीवास्तव ,श्रीराम यादव, मरियम फारुकी, स्मिता अस्थाना ,शिव शंकर श्रीवास्तव, आकांक्षा चौधरी ,दीपिका श्रीवास्तव ,विमला सिंह, इस्मिता अस्थाना, शशि कला सिंह, स्वाति श्रीवास्तव , तैयबा बानो ,दिवस सिंह, सृजन त्रिपाठी ,हर्षिता यादव, गुरप्रीत कौर ,अनुपा धनवार, शांति प्रिया एकल, एनी बेसेंट तिग्गा, प्रेमा लाकरा ,अनीशा डांग, हिना फातिमा, नीलम गौड़ आदि सभी अध्यापकों ने श्री आदित्य श्रीवास्तव जी का आभार व्यक्त किया।

# थाना छावनी पर चौकीदारो/पीआरडी व होमगार्डो को किया गया सम्मानित व उत्साहवर्धन

दैनिक बुद्ध का संदेश

छावनी,बस्ती। भारतीय भ्रष्टाचार अन्वेषण एवं उन्मूलन परिषद





द्वारा व मुख्य अतिथि शेषमणि उपाध्याय क्षेत्राधिकारी महोदय हर्रैया द्वारा थानाध्यक्ष थाना छावनी दुर्गेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे थाना छावनी के प्रागंण गरीब मजदूर महिलाओ को साड़ी प्रदान किया गया साथ ही साथ होमगार्ड एवं पीआरडी जवानो को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा निर्धारित किया गया नया बैच लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा चौकीदारो को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया । जिससे गरीब महिलाओ होमगार्ड तथा पीआरडी जवानो और चौकीदारो मे उत्साह के साथ चेहरे पर खुशी की रौनक दिखाई दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेषमणि उपाध्याय क्षेत्राधिकारी महोदय हर्रैया, थानाध्यक्ष थाना छावनी दुर्गेश कुमार पाण्डेय, थाने के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण तथा भारतीय भ्रष्टाचार अन्वेषण उन्मूलन परिषद के चेयर मैन राजेश कुमार चौधरी, ग्रामीण स्वास्थ सेवक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 प्रेम त्रिपाठी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राम प्रकाश (मोदू) चौधरी व राष्ट्रीय संगठन प्रभारी मोहित गुप्ता व अशोक पांडे, बलजीत कनौजिया, सूर्यपाल वर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा तथा हरिशंकर पाण्डेय व सभी सम्मानित पत्रकार बन्धू मौजूद रहे।

# सुभाष यदुवंशी को भाजपा प्रदेश महामंत्री बनाएं जाने पर मिठाई बांट कर मनाई खुशियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। विधान परिषद सदस्य निवर्तमान प्रदेश मंत्री सुभाष यदुवंशी को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह



का माहौल बस्ती सर्किट हाउस पर मिठाई बांटकर भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रशन्नता व्यक्त किया भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता एवं जिला मंत्री प्रदीप चौधरी ने कहा कि पार्टी के इस निर्णय से जिले ने नौजवानों में नए ऊर्जा का संचार हुआ है एमएलसी प्रतिनिधि संदीप यदुवंशी एवं सूरज सोमवंशी ने कहा कि प्रदेश में संगठन को और मजबूती मिली है और हम सभी शीर्षनेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हैं जिसमे मुख्य रूप पिछड़ा मोर्चा का मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश चौधरी विक्की, राजन कन्नौजिया, आशुतोष यदुवंशी,आदित्य प्रताप बाघी,विकास शर्मा,तरंग भट्ट,हर्ष श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसे का सबब बन सकता है

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर।नगर सहित ग्रामीण इलाकों में खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसे का सबब बन सकता है। बाजार सहित गांवों मे रखे गए अधिकांश ट्रांसफार्मर बिना जालियों व बाड़ के लगे हैं। जिनके खुले तार लटक रहे होते हैं। जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। इसके बाद भी विभाग का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है।बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रखने के लिए तमाम नियम बनाए गए हैं। इनमें ट्रांसफार्मर को चबूतरे पर रखना चाहिए। ट्रांसफार्मर में आने वाली सप्लाई के तारों में गार्डिंग लगी होना आवश्यक है। ट्रांसफार्मर को जाली के घेरे में रखना जरूरी है। लेकिन विभाग द्वारा इन नियमों को ताक पर रख खुले में ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं, जिससे आम लोगों को विजली का करंट लगने का भय बना रहता है। मोहल्ला गांधी नगर सरकारी अस्पताल जाने वाले मार्ग पर ,इसी तरह ग्राम बनकटवा मे संपर्क मार्ग किनारे आबादी के पास स्कूल जाने वाले मार्ग पर खुले में ट्रांसफार्मर रखा गया है। जिसके आस–पास जाली का घेरा नहीं बनाया गया है, केवल खुले में ट्रांसफार्मर लगा दिया है। जिससे आस–पास के लोगों को इसके पास से गुजरने पर करंट का भय लगा रहता है। बच्चों के चपेट में आने की संभावना रहती है। प्रतिदिन इस रास्ते से स्कूली बच्चों व सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है। इस ओर विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है ग्रामीणों ने इस खुले में रखे ट्रांसफार्मर में जाली ,बाड़ लगाने की मांग की है।

# सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले व्यवसायियों को माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर।उतरौला कोतवाली क्षेत्र में आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत पुलिस की अपील पर सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले व्यवसायियों को माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित गया। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे द्वारा महदेइया बाजार कोतवाली उतरौला में आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत पुलिस की अपील पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले व्यवसायी फरीद पुत्र मो0 सलीम को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।



# उसका में आरएसएस का बौद्धिक कार्यक्रम व पथ संचलन हुआ





दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार,सिद्धार्थनगर। कस्बा के जूनियर हाई स्कूल उसका बाजार के परिसर में रविवार को आरएसएस द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम एवं पथ संचलन सम्पन्न हुआ। विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने बौद्धिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चौत्र प्रतिपदा के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में संघ का पथ संचलन कार्यक्रम चल रहा है। इसीक्रम में उसका कस्बा में भी कार्यक्रम हो रहा है। लोगों में अपनी प्राचीन सभ्यता हिंदू नववर्ष को चढ़ बढ़ कर मनाने की परम्परा जोर पकड़ रही है। उन्होंने कहा कि संघ देश की आजादी में चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया था और वर्तमान में देश के सर्वांगीण विकास में अमूल्य योगदान दे रहा है। संघ में जाति आधारित कोई व्यवस्था नही है ,यहाँ केवल कर्म आधारित व्यवस्था है। हम सब हिन्दू है । हमे जातियों में बटना नही है। हम सब को मिलकर हिन्दू को संगठित करना है। हमारा समाज पश्चिमी देशों की संस्कृति व सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहा है और कुछ लोग अपना भी रहे है। यह देश के लिए शुभ संकेत नही है। सभी लोग अपने सनातन संस्कृति व सभ्यता को अपनाएं , तभी स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल श्रीराम मिश्रा,बालमुकुंद, हेमंत कुमार जायसवाल, राज नरायन पाण्डेय , मुरलीधर अग्रहरि, आशीष शुक्ला, रूपेश सिंह,धनेश वर्मा,राकेश आर्या , व्यंकटेश्वर पांडेय, सत्यम पांडेय, रामसुरेश चौहान, रोहित बरनवाल, राकेश आर्या, तारकेश्वर पाण्डेय,पवन उपाध्याय, मनोज कुमार, दयाराम लोधी, रामेश्वर पांडेय, सौरभ पाण्डेय,अजीत पांडेय,हरिशंकर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सूरज पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, सोमनाथ मिश्र, हरिशंकर सिंह, रणविजय सिंह, संजय, दिनेश आदि रहे।

# चिल्हिया मंडल में सांसद के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण का आयोजन

## शक्तिकेंद्र जुड़ी कुइयां के बूथ संख्या 311 में मन की बात एवं राष्ट्रपति अभिभाषण का आयोजन







दैनिक बुद्ध का संदेश

चिल्हिया,सिद्धार्थनगर। चिल्हिया मंडल में मंडल अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र जुड़ी कुइयां के बूथ संख्या 311 में मन की बात एवं राष्ट्रपति अभिभाषण , बूथ सशक्तिकरण का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल रहे । इस 99 वे मन की बात मे प्रधानमंत्री के द्वारा कहे गए अंगदान सोलर ऊर्जा महिला सशक्तिकरण आदि विषयों को सुनकर विस्तृत चर्चा किए बैठक में सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई सांसद जी ने अगले कार्यक्रम में होने वाले मन की बात कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अगला मन की बात कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड रहेगा लोग अब कार्यकम का इंतजार करते है यह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता ही है यह कार्यक्रम हर बूथ पर बहुत ही धूमधाम से मनाया जाने वाला है इसकी तैयारी हम लोग आज ही से शुरू कर दे साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा किया कि हर बूथ स्तर पर अपना व्हाट्सएप ग्रुप पन्ना प्रमुख हो जो सरकार की उपलब्धियों को घर घर तक पहुंचा सके इस अवसर पर डॉक्टर अर्जुन यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र मिश्रा महामंत्री पद्माकर शुक्ला नजर सिंह चौहान अमरनाथ रिपार्टी मनोज मिश्रा जितेंद्र चौधरी राधे बाबा नीलू ओझा नीरज सिंह , मनमोहन प्रधान शिवकुमार, मिथुन चौहान सहित मंडल में निवास करने वाले सभी पदाधिकारी गण एवं सभी कार्य समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।

# सांसद जगदंबिका पाल ने किया मोबाइल वेटरनरी यूनिट का शुभारंभ





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ईएसवीएचडी के अंतर्गत मोबाइल वेटरनरी यूनिट का शुभारंभ आज प्रदेश स्तर पर राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा एवं जनपद सिद्धार्थनगर में विकास भवन के प्रांगण से सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल के कर कमलों द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामध ानी राही एवं शोहरतगढ़ विनय वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन की अध्यक्षता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह के नेतृत्व में फ्लैग ऑफ करके किया गया। सर्वप्रथम विकास भवन के एनआईसी में सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा शुभारम्भ कार्यक्रम में लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन के माध्यम से सांसद जगदंबिका पाल,विधायक विनय वर्मा, विधायक श्याम धनी राही,जिलाधिकारी संजीव रंजन,मुख्य पशु चिकित्सा अधि ाकारी डॉ एमपी सिंह ,उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति की उपस्थिति रही तथा लाइव प्रसारण में मुख्यमंत्री ेंद्रीय मंत्री पशुधन एवं मत्स्य तथा राज्यमंत्री पशुध ान का उद्बोधन सभी ने सुना। तत्पश्चात अंबेडकर सभागार में उपस्थित पशुपालन विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों तथा पशुपालकों के साथ शुभारम्भ कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन पशुधन प्रसार अधि ाकारी अरुण कुमार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जिस प्रकार से मनुष्यों के बीमार होने या दुर्घटना होने के उपरांत 108 नंबर तत्काल मौके पर पहुंचती है ठीक उसी प्रकार से किसी वस्तु के आकस्मिक बीमार होने या दुर्घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करने पर गाड़ी तत्काल पशुपालक के दरवाजे तक पहुंचेगी तथा इस योजना के अभिनव पहल के लिए मैं प्रध ानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट करता हूं एवं मैं प्रयास करूंगा कि इस जनपद में वाहनों की संख्या 3 से बढ़ाकर 5 कर दी जाए जिससे सभी तहसील मुख्यालयों पर एक–एक वाहन मौजूद रहें। कार्यक्रम को संबोधि ात करते हुए विधायक श्याम ध ानी राही ने कहा कि समाज के आखिरी पंक्ति में खड़ा पशुपालन और पशुओं के स्वास्थ्य की चिंता के विषय में सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही सोच सकते हैं मै उनको बधाई देता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि पशुपालन विभाग के सरकार की योजनाओं से आम जनता पशुपालको को लाभ होगा तथा पशुपालकों को अब इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन विभाग इस योजना को संचालित करने के लिए निरंतर एलर्ट रहेगी तथा मैं स्वयं इसकी मानिटरिंग करूंगा। अंत में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करने पर तत्काल हम रिस्पांस करेंगे तथा उक्त स्थान पर पहुंचकर पशुपालकों की समस्या का हम पर त्वरित नीदान भी करेंगे। कार्यक्रम के समापन के उपरांत माननीय सांसद जगदंबिका पाल एवं विधायक गण श्यामधनी राही एवं विनय वर्मा द्वारा जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह की उपस्थिति में मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।उक्त कार्यक्रम में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नौगढ़ डॉ आरबी यादव, पशु चिकित्सा अधि ाकारी डॉ महेंद्र तिवारी,डॉ जावेद अहमद,डॉ विजय वर्मा, डॉ प्रदीप कुमार,डॉ मनोज पांडे,डॉ राजेश कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति, रमेश चंद, दिवाकर मिश्रा, रवि कुमार सहित एसपी अग्रवाल,रामकेश पांडे, राहुल राय, उमेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, मुरारी सिंह सहित सैकड़ो पशुपालक उपस्थित रहें। उक्त जानकारी पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने दी।

# पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुर्थिया चौकी क्षेत्र के इमिलिया भठ्ठा के पास से मु0अ0सं0 67ध् 2023 धारा 376,506 प्च्ब् व 3ध्4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को रविवार पूर्वान्ह लगभग 11.30 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्थिया चौकी क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने अपनी लडकी के साथ गाँव निवासी एक युवक पर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया था!गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के साथ चौकी प्रभारी अमित कुमार, का0 आशुतोष सिंह, का0 सौरभ सिंह यादव,का0 मनोज यादव तथा का0 अनिकेत सिंह भी शामिल रहे।

# रास्ते के विवाद में हुई मारपीट के दौरान दो घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। थाना शिव नगर डिंड़ई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कटवंध के टोला डंडवा शुक्ल में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट हुई,जिसमे दोनो पक्षों के एक–एक लोग घायल हो गए ।पक्षकारों से मिली जानकारी के अनुसार डडवाशुक्ल निवासी– राहुल पुत्र राजेन्द्र, भानमती पत्नी राजेन्द्र, पूजा पुत्री राजेन्द्र व बलिकरन पुत्र बगेदू,मंगेश पुत्र बलिकरन, संतोष पुत्र बलिकरन, संतोली पत्नी संतोष के बीच रास्ते को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था! दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनने पर रविवार को आपसी कहा– सुनी व गाली गलौज के बीच मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें प्रथम पक्ष से राहुल और दूसरे पक्ष से बलिकरन को चोटें आईं। सूचना पर हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया! थाने पर लाए गये दोनो पक्षकारों ने तहरीर देकर एक– दूसरे के विरुद्ध कार्यवाई की मांग किया ।थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल करवाने के उपरांत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बांसी नगर में किया पथ संचलन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारतीय नव वर्ष के



उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांसी नगर द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम किया गया जो मां शीतला मंदिर नरकटहा से होते हुए राप्ती पुल बांसी होकर रोडवेज चौराहा होते हुए जूनियर हाई स्कूल शीतलगंज के प्रांगण में समाप्त हुआ इस दौरान नगर के लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा व भव्य स्वागत किया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तारकेश्वर ने कहा कि हमारे सनातन धर्म के नव वर्ष कि शुरूआत चौत्र मास से ही प्रारम्भ होता है ।कार्यक्रम में जिला संघचालक दिनेश,नगर संघचालक अशोक ,नगर कार्यवाह दिवाकर जिला प्रचारक अजीत, डुमरियागंज के लोकप्रिय सांसद जगदंबिका पाल, नगर प्रचारक मृत्युंजय,जिला कार्यवाह मोहित,सह नगर कार्यवाह रवि,उपेंद्र, शारीरिक प्रमुख राहुल , जिला बौद्धिक प्रमुख अंगद ,कृष्ण मौर्या तथा, भाजपा के युवा नेता व समाजसेवी विष्णु जयसवाल (सोनू) बलराम कुलश्रेष्ठ,नगर अध्यक्ष जगजीवन गौड़, मनोज बाबा, आनंद मणि त्रिपाठी ,ईश्वर चंद दुबे ,रामशरण मौर्य, मंगल चौरसिया ,गौरी शंकर अग्रहरी, अमरनाथ अग्रहरी, शिवम, रवि अग्रहरि ,गुलाब अग्रहरी, अनुपमा सिंह दुबे, सुशीला केवट ,गोविंद गुप्ता, अजय गुप्ता, दीपक सैनी, दीनदयाल अग्रहरी ,संजय रावत, बजरंगी बर्मा रवि चौधरी, सौरभ कुलश्रेष्ठ सूर्यभान जयसवाल ,किशन जी, अर्जुन निषाद ,धर्मेंद्र यादव राकेश,आयुष,देवेश,अभिषेक राहुल और अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल थरौली में नवप्रवर्तन दिवस कार्यशाला का आयोजन

## संस्था की निदेशक डॉ सुशीला सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया सुभारम्भ





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ प्र शासन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ प्र के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब सिद्धार्थनगर द्वारा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल थरौली में बाल सृजनात्मक एवं नवप्रवर्तन दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आरआर रमन प्रतिनिधि उप जिलाधिकारी नौगढ ध तहसीलदार नौगढ़ व कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था की निदेशक डॉ सुशीला सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।उक्त अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि तहसीलदार नौगढ़ आरआर रमन ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है ,स्कूली बच्चे भविष्य के वैज्ञानिक ,डाक्टर व इंजीनियर बन सकते हैं। इन्होंने अपने अलौकिक वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत कर किया है ,जो नवप्रवर्तन के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ सुशीला सिंह निदेशक सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल ने कहा कि जिला विज्ञान क्लब द्वारा नवप्रवर्तन के क्षेत्र मे कराए जा रहे ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रम स्कूली बच्चों के ज्ञानार्जन में सहायक हैं ।ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक सोच विकसित होती है ।श्री वीरेंद्र प्रताप गुप्ता जिला सूचना विज्ञान अधि ाकारी ने उक्त अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सस्ती ग्रामीण तकनीक से नवाचार को बढ़ावा दिए जाने में यह कार्यक्रम सहायक है। स्कूली बच्चों के अंदर इससे वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना का विकास होता है। जो हमारे संविधान के मौलिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित है ।कार्यक्रम को सहायक निदेशक डॉक्टर काया सिंह प्रधानाचार्या डा.प्रवीन टाक , श्री विश्व बंधु दुबे , उमा दत्त चौबे , मुकेश पांडे , बीके त्रिपाठी , दुर्गादत्त, अवधेश मिश्रा, पवन मिश्र समेत लोगों ने भी संबोधित किया । उक्त अवसर पर रंजीत चौधरी छत्रपति शिवाजी स्मारक इंटर कॉलेज मुडिला खुर्द द्वारा जीवन रक्षक छड़ी, रिया मिश्रा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल थरौली द्वारा रोबोटिक अलार्म, अहमद द्वारा सोलर सिस्टम , अंशिका श्रीवास्तव द्वारा वर्किंग मोड आफ डैम, अनिका पांडे सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल मसिना द्वारा स्मोक फिल्टर ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय पारा नानकार की खुशबू द्वारा मृदा स्वास्थ्य अध ययन पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट काफी सराहे गए ।जिन्हें जिला विज्ञान क्लब द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया गया ।उनके साथ अमर शुक्ला द्वारा वाटर अलार्म शाकिर अली द्वारा इलेक्ट्रोलाइसिस ,जितेंद्र कुमार द्वारा वाटर गीजर मॉडल भी काफी रोचक व ज्ञानवध ाक रहा कार्यक्रम का संचालन स्कूली बच्चे अभिनव व रिया मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों का स्वागत सिद्धार्थ शंकर तथा आभार ज्ञापन प्रधानाचार्या डॉ प्रवीन टांक ने किया ।उक्त अवसर पर अभिषेक चौधरी, राकेश मिश्र, अविनाश सिंह , सनी चौध ारी, मनोज कुमार, दिनेश यादव, रागिनी, दिव्यांशी ,पूजा ,निहारिका समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सुरेन्द्र भारती तहसील अध्यक्ष नामित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। रविवार को भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा डाक्टर



भीमराव आंबेडकर पार्क में आयोजित संगठनात्मक बैठक में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाज सेवी सुरेन्द्र कुमार भारती को सर्व सम्मति से सदर तहसील नौगढ़ का अध्यक्ष नामित किया गया। बैठक की अध यक्षता जिलाध्यक्ष राम मिलन भारती तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष जय किशोर गौतम ने किया. प्रान्तीय संगठन मंत्री डाक्टर शीष कुमार बौद्ध, मंडल महासचिव केदारनाथ आजाद एवं मंडल सचिव करूणाशील बौद्ध की उपस्थिति में संपन्न बैठक में जगदीश बौद्ध एवं उमेशचंद्र को तहसील उपाध्यक्ष, योगेन्द्र बौद्ध को महासचिव, मदन कुमार को आडीटर तथा गोविन्द कुमार बौद्ध, मनीष गौतम, मदनलाल, डाक्टर प्रशांत आदि को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में जिला कमेटी में रिक्त महासचिव पद पर चंद्रिका प्रसाद गौतम तथा सचिव पद पर बृजमोहन गौतम को नामित किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा सौंपे गये दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डाक्टर जेपी बौद्ध, राम प्यारे, राम धनी गौतम, रविंद्र कुमार जाटव, तुलसीराम, संतराम, रामनरेश मौर्या आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सम्पादकीय

**इसके अलावा चुनाव आयोग ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर बैठे वोटिंग की व्यवस्था का प्रस्ताव दिया है। इसके मुताबिक 80 साल से ज्यादा उम्र के मतदाताओं और दिव्यांगों को वोट डालने के लिए बूथ पर जाने की जरूरत नहीं है। उनको घर पर बैलेट देकर वोटिंग कराई जाएगी और उनकी वोटिंग की ...**

# चुनाव सुधारों से चिंतित विपक्ष




विपक्षी पार्टियां भाजपा और नरेंद्र मोदी के चुनाव अभियान से ज्यादा चुनाव आयोग की ओर से किए जा रहे सुधारों से चिंतित हैं। इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम तो सिर्फ एक चीज है, पर विपक्षी पार्टियों की चिंता जाहिर हो रही है। लेकिन असल में कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां आयोग की ओर से प्रस्तावित कई और सुधारों को लेकर चिंतित हैं। उनको लग रहा है कि इन सुधारों से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा, जिसका फायदा भाजपा को होगा और उनको घाटा हो सकता है। तभी एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने विपक्षी पार्टियों की बैठक बुलाई और इसके कई पहलुओं पर चर्चा की। इससे पहले कांग्रेस ने ईवीएम को लेकर विपक्षी पार्टियों की बैठक बुलाई थी और साथ ही कई तकनीकी जानकारों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने ईवीएम की कमियां बताईं और बाद में कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिलने गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इस पूरी प्रक्रिया में शामिल थे। तब कांग्रेस का मुख्य विरोध रिमोट ईवीएम को लेकर था, जिसका प्रस्ताव चुनाव आयोग ने दिया है। शरद पवार की चिंता भी रिमोट ईवीएम को लेकर है। इसके जरिए किसी राज्य का मतदाता दूसरे राज्य से भी वोट डाल सकेगा। विपक्षी पार्टियों ने इसकी कई व्यावहारिक समस्याएं चुनाव आयोग को बताई हैं। लेकिन पुरानी कहावत है कि जिस विचार का समय आ जाता है उसे कोई रोक नहीं सकता है। सो, देर सबेर रिमोट ईवीएम का प्रयोग होने जा रहा है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने कुछ और प्रस्ताव किए हैं, जिनको लेकर विपक्षी पार्टियां चिंतित हैं। इसमें सबसे ताजा प्रस्ताव प्रवासी भारतीयों को इलेक्ट्रोनिक बैलेट भेजने का है। चुनाव आयोग चाहता है कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों को भी मतदान करने का मौका मिले और इसके लिए उन्हें भारत आने की जरूरत न हो। इस योजना के तहत आयोग ने उनको इलेक्ट्रोनिक बैलेट भेजने का प्रस्ताव किया है। चाहे कांग्रेस हो या एनसीपी या दूसरी विपक्षी पार्टी उनको लग रहा है कि प्रवासी भारतीयों का वोट भाजपा को जाएगा। कई नेता इसमें गड़बड़ी की संभावना भी मान रहे हैं। इसलिए यह भी एक चिंता का मामला है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर बैठे वोटिंग की व्यवस्था का प्रस्ताव दिया है। इसके मुताबिक 80 साल से ज्यादा उम्र के मतदाताओं और दिव्यांगों को वोट डालने के लिए बूथ पर जाने की जरूरत नहीं है। उनको घर पर बैलेट देकर वोटिंग कराई जाएगी और उनकी वोटिंग की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। विपक्ष को लग रहा है कि यह व्यवस्था भी भाजपा को फायदा पहुंचाएगी। कह सकते हैं कि चुनाव आयोग जितने नए प्रस्ताव ला रहा है या सुधार की बात कर रहा है उनसे विपक्ष को आपत्ति है।

# कलियुगी पापी महामूढ़ को राम कथा नहीं भाती



आप जानते हैं जिसे भगवान श्रीराम की कथा रूचिकर प्रतीत नहीं होती, दरअसल वह पापी होता है। विषय वासना में लिप्त भोगी रावण कुल के वंशजों के अंतर्मन में रावण जीवित है। आवश्यकता इस बात की है कि मन के भीतर का रावण मरे। रामत्व और राक्षसत्व मानव मन के भीतर चलने वाली दो मनोवृत्तियां हैं। रामत्व व्यक्ति का शिवत्व रूप में रूपांतरण है। जबकि राक्षसत्व व्यक्ति को जीवित लाश में तब्दील कर देता है तब आत्म को मारते हुए रावणत्व इंसान को हैवान में तब्दील कर देता है। श्री राम कथा के श्रमण मात्र से ही इंसान, इंसाफ की डगर पर चलने लगता है। वह न्यायप्रिय हो जाता है और व्यक्ति का शुचितापूर्ण आचरण रामत्व के हृदय तत्व में विलीन होने की प्रक्रिया है। श्रीराम कथा के बारे में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि मैं पुनि निज गुर सन सुनी कथा सो सूकरखेत। समुझी नहिं तसि बालपन तब अति रहेउ अचेत।। अर्थात फिर वही कथा मैंने सुकर खेत में अपने गुरु जी से सुनीय परंतु उस समय मेरा बालपन था इसलिए अच्छी तरह से नहीं समझ सका था। पुनः वे लिखते हैं कि श्रोता बकता ग्याननिधि कथा राम कै गूढ़। किमि समुझौं मैं जीव जड़ कलि मल ग्रसित बिमूढ़।। अर्थात श्रीराम जी की गूढ़ कथा के वक्ता यानि कि कहने वाले और श्रोता यानी सुनने वाले दोनों ज्ञान के खजाने मतलब कि ज्ञानी होते हैं। मैं कलियुग के पापों से ग्रसा हुआ महामूढ़ जड़ जीव भला उसको कैसे समझ सकता था। आप ध्यान दीजिए तो गोस्वामी जी श्री राम कथा को गूढ़ बतलाते हैं। प्रभु श्री राम की कृपा को प्राप्त करना इतना आसान नहीं है। अपने आराध्य के प्रति इतनी विनम्रता सिर्फ और सिर्फ तुलसीदास जी में है। तुलसी दास जी ने वक्ता और श्रोता दोनों को ज्ञानी और विज्ञानी बतलाया है। भारत वर्ष के दस हजार वर्षों के ज्ञात इतिहास में प्रभु श्रीराम जैसा निर्मल और पवित्र छवि न किसी का हुआ है न ही होगा , और साथ ही श्री राम की कथा में ऐतिहासिकता और पौराणिकता का इतना सुंदर और विवेक शील संगुमफन कहीं नहीं मिलेगा। गुरु की आज्ञा से श्री राम कथा को घर की बोली लोकभाषा अवधी में गान करने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि तदपि कही गुर बारहिं बारा। समुझि परी कछु मति अनुसारा। भाषा बद्ध करबि मैं सोई। मोरें मन प्रबोध जेहिं होई।। गोस्वामी जी को भाषा में राम कथा सुनाने का संतोष है।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# बढ़ता कोरोना : जल्द तलाशना होगा उपाय

**ज्यादा घबराएं नहीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म (आईएचआईपी) पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार राज्यों द्वारा मार्च 2023 तक एच3एन2 सहित इनफ्लुएंजा के विभिन्न सबटाइप के 3038 मामलों की पुष्टि की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि घबराने की बात नहीं लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है...**

अनिरुद्ध गौड़

मौसम बदला तो तमाम बच्चे, बूढ़े हों या नौजवान हर कोई सर्दी, खांसी, जुखाम, सिरदर्द और बुखार आदि रोगों की चपेट में आ रहे हैं। इसके पीछे एच3एन2 वायरस का प्रकोप बताया जा रहा है।

अब भारतीय सार्स–कोव–2 जीनोमिक्स कंसोर्टयिम (आईएनएसएसीओजी) के आंकड़ों में यह दावा करना कि देश में 76 नमूनों में कोरोना वायरस के नए स्वरूप एक्सबीबी 1.16 स्वरूप से लोग संक्रमित है। यह थोड़ी चिंता की बात तो जरूर है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वजह से भी देश में कोरोना के मामलों में इजाफा हो सकता है, क्योंकि पिछले 126 दिनों के बाद गत शनिवार को एक दिन में सबसे अधिक 843 मामले आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) नेटवर्क के माध्यम से देश में बढ़ रहे कोरोना और एच3एन2 वायरस से जनित इनफ्लुएंजा के सभी मामलों पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। हाल ही में एन3एन2 वायरस के कारण हरियाणा और कर्नाटक में दो लोगों की मौत की पुष्टि ने भी लोगों को अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता के प्रति सचेत किया है। हालांकि यह मौसमी इनफ्लुएंजा वायरस का ही एक रूप है। लेकिन फिर भी जब मामले बढ़ते हैं तो चिंता की बातें तो वाजिब ही हैं। भारत ही नहीं पूरा विश्व कोविड वायरस से उबरा है और अब धीरे–धीरे लोग इस वायरस से मुक्ति महसूस कर रहे हैं। लेकिन दिसम्बर में सर्दी के बाद मौसम क्या बदला कि एकाएक सर्दी जुखाम, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, बदन दर्द और बुखार जैसे लक्षण वाले रोगों ने लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया।

अमूमन देखा गया है कि जब मौसम का जॉइंट आता है यानि कि जब सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी में मौसम बदलता है तो लोगों की थोड़ी सी लापरवाही से सर्दी, जुखाम, गला खराब, छुटपुट सिरदर्द, नाक बहना और बुखार जैसी बीमारियां हो जाती हैं। लेकिन कुछ ही दिन में आम दवाओं से थोड़ी सी सावधानी बरतकर लोग ठीक हो जाया करते हैं, लेकिन इस बार मौसम बदला तो लोग सर्दी, जुकाम, खांसी, गला खराब, बुखार जैसे मौसमी रोगों से ग्रसित हुए। चिंता की बात तब बनी जब तमाम प्रयासों के बावजूद लोगों में ये रोग काफी दिन तक चल रहे हैं। किसी को कोविड जैसे लक्षण भी दिखाई दे रहे हैं। लेकिन राहत की बात है कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने पुष्टि की है एनफ्लुएंजा सबटाइप एच3एन2 की वजह से यह बीमारी फैल रही है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मौसम एनफ्लुएंजा अपडेट में बताया गया है कि मौसमी एनफ्लूएंजा एक तीव्र सन संक्रमण रोग है। जो एनफ्लुएंजा वायरस के कारण होता है। भारत में हर साल यह दो बार सबसे अधिक दर्ज होते हैं। पहला जनवरी से मार्च और दूसरा, मानसून के बाद के मौसम में। मार्च के बाद मौसमी एनफ्लूएंजा के मामलों में कमी आने की उम्मीद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी सजग हो गया है और मौसमी एनफ्लुएंजा एच3एन2 सबटाइप के मामलों की कड़ी निगरानी की जा रही है। रोकथाम के लिए सावधानियों पर आईसीएमआर द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। हाल ही में जारी आईसीएमआर नेटवर्क के आंकड़े बताते हैं कि साल 2023 के पहले 9 सप्ताह की अवधि के दौरान मामले बढ़े हैं।

भर्ती रोगियों में एच3एन2 वायरस की वजह से 92 प्रतिशत को बुखार, 86 प्रतिशत को खांसी, 27 प्रतिशत को सांस लेने में तकलीफ, 16 प्रतिशत को सांस में घरघराहट और 6 प्रतिशत को निमोनिया आदि के लक्षण मिले। भारत में मानव एनफ्लुएंजा वायरस और सार्स–सीओवी वायरस का पता लगाने के लिए एनफ्लूएंजा जैसे रोग (आईएलआई) और गंभीर तीव्र सन बीमारी (एसएआरआई) की एक एकीकृत निगरानी 28 स्थलों से निर्मित आईएलआई या निगरानी नेटवर्क के माध्यम से हो रही है। इस वायरस के प्रति एडवाइजरी भी जारी की गई है। एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी हाल ही में कहा है की इन दिनों एनफ्लुएंजा के केस बढ़ रहे हैं। इसमें बुखार आना, खांसी, कफ, बदन दर्द और नाक बहने की शिकायत रहती है।

एच3एन2 एनफ्लुएंजा वायरस का ही एक प्रकार है। हर साल इन दिनों उभरता है। यह वायरस अपना रूप भी बदलता रहता है, जिसे एंटीजनिक बहाव भी कहते हैं। कोविड की तरह ड्रॉपलेट्स से फैलता है। वहीं कोरोना के मामलों में वृद्धि की वजह कोरोना के नए स्वरूप एक्सबीबी 1.16 भी हो सकती है। भीड़ में हम कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। इस वजह से रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ज्यादा घबराएं नहीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म (आईएचआईपी) पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार राज्यों द्वारा मार्च 2023 तक एच3एन2 सहित इनफ्लुएंजा के विभिन्न सबटाइप के 3038 मामलों की पुष्टि की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि घबराने की बात नहीं लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है।

**हालात यहां तक आ पहुंचे हैं कि 2014 में सब–कुछ बदल डालने के वायदे पर सिंहासन पर बैठे हमारे नये सत्ताधीश भी 24 जुलाई, 1991 को नरसिंहराव सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक नीतियों की सड़कों पर ही फर्राटा मारते बढ़े जा रहे और उन्हें हाइवे में बदल रहे हैं–भले ही उन नीतियों के प्रवर्तक अमेरिका तक का मन अब उन नीतियों से खट्टा हो चुका है और वह उन पर आंशिक ही सही, पुनर्विचार करता हुआ...**

# सामयिक : इतना लोभ कहां से आया

कृष्ण प्रताप सिंह

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी अमन सिंह के विरु द्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जन के मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को पलटते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने देश में फैले लोभ–लालच को लेकर बेहद कड़ी टिप्पणी की। मामले की सुनवाई कर रही न्यायालय की न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट व न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की दो सदस्यीय बेंच ने यह तक कहने से संकोच नहीं किया कि लोभ–लालच और उनकी जाई अतृप्ति ने न सिर्फ भ्रष्टाचार को समाज का कैंसर बल्कि संविधान की प्रस्तावना में लिये गये धन के समान वितरण व सामाजिक न्याय के संकल्प को दूर का सपना बना डाला है।

कई हलकों को उम्मीद थी कि बेंच की इन तल्ख टिप्पणियों के बाद देश में लोभ–लालच, जिन्हें प्रायरू सारे धर्मो में अज्ञानता जैसा ही दुरूख का कारण बताया गया है, को लेकर व्यापक बहस छिड़ेगी, साथ ही उससे निजात के उपायों पर भी गंभीर विचार विमर्श आरंभ होगा। लेकिन अफसोस कि ऐसा कुछ भी होता नहीं दिखाई दे रहा और इस तक पर विचार नहीं किया जा रहा कि श्ज्यादा का नहीं लालच हमकोय वाली परम्परागत पहचान के बरक्स हमारे देश में इतना लोभ–लालच भला आया कहां से? और क्या न सिर्फ सत्ता, राजनीति, उद्योग व व्यापार, बल्कि खेलों के मैदानों तक में अनैतिकता, मूल्यहीनता व भ्रष्टाचार वगैरह की जिन दुर्घटनाओं से हम प्रायरू दो चार होते रहते हैं, वे वास्तव में लोभ–लालच के विकराल हो जाने होने से घट रही एक ही महा–दुर्घटना की अलग–अलग परिणतियां हैं। प्रसंगवश, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह श्दिनकरय ने इस महा–दुर्घटना को आजादी की पहली वषर्गांठ के अवसर पर ही पहचान लिया था। तभी उन्होंने देसी सत्ताधीशों के नये उभरते वर्ग की पतनशील प्रवृत्तियों को सुरसा की तरह मुंह फैलाते देखकर लिखा था–टोपी कहती है मैं थैली बन सकती हूं, कुर्ता कहता है मुझे बोरिया ही कर लो। ईमान बचाकर कहता है, आंखें सबकी बिकने को हूं तैयार खुशी हो जो दे दो। किसे नहीं मालूम कि बीती शताब्दी के आखिरी दशक तक देश की नदियों में बहा पानी इस वर्ग की श्सबकी आंखें बचाकर बिकने की मजबूरीय को भी बहा ले गया! तब दुनिया मुट्ठी में करने को आतुर उसकी हसरतों ने पुरानी बाड़–बंदियों से निजात पाकर श्ग्लोबल विलेजय के ताल से ताल मिलाया तो वे खरीद–रूबिक्री के मणिकांचन संयोग के ऐसे इस्तेमाल की ओर बढ़ चलीं कि देखने वालों की आंखें फटी की फटी रह जायें! याद कीजिए, 1991 में पीवी नरसिंहराव की सरकार ने भूमंडलीकरण की नई आर्थिक नीतियों को तेजी से आगे बढ़ाना शुरू किया तो देश में ऐसा मानने वाले भी थे ही कि उसका उद्देश्य सत्तावर्ग द्वारा आजादी की लड़ाई के दौरान अर्जित मूल्यों की बिक्री से देश–विदेश में जमा किये गये काले धन को खुलकर कलाबाजियां दिखाने का अवसर प्रदान करना है। पर तब सारे विरोधों की अनसुनी करके उन नीतियों को थोप दिया गया जो अब देश के रंध रंध से उसके मान व ईमान दोनों का लहू टपकाने पर आमादा है! मनुष्य को मनुष्य, राजनीति को राजनीति, खेलों को खेल और मनोरंजन को मनोरंजन के रूप में जिंदा नहीं रहने दे रहीं। सर्वे गुणारू कांचनमाश्रयंते की तो उन्होंने ऐसी पुर्नप्रतिष्ठा कर दी है कि श्पैसा गुरू और सब चेला!च जैसी पुरानी कहावत पूंजी ब्रह्म और मुनाफा मोक्ष को युगसत्य बनाकर मोद मना रही है। बड़ी पूंजी व राज्य के गठजोड़ के बीच आज किसी को समता पर आधारित समाजवादी समाज के निर्माण का संवैधानिक संकल्प तक याद नहीं है। देश में भूमंडलीकरण के पिछले तीन दशकों में जितने भी बड़े घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार हुए हैं, उनका दूसरा पक्ष नेता, पत्रकार, क्रिकेटर, सेलिब्रिटी या सेनाधिकारी कोई भी हो,, पहला पक्ष बड़ी या बहुराष्ट्रीय कम्पनियां ही हैं। हां, उनकी सबसे बड़ी लाभार्थी भी वही रही हैं। कहते तो यहां तक हैं कि उक्त कम्पनियों में से अनेक में हमारे लोकतंत्र पर सवारी गांठ रहे सत्ताधीशों या उनके अपनों का कालाधन लगा हुआ है। इतना ही नहीं, कई के कर्ताधर्ता, सीइओ व वकील सब उसी वर्ग से आते है जो अपने लोभ को तो जानते ही हैं, हमारे लोभ–लालच से भी वाकिफ हैं ओर इसीलिए श्सफलय हो रहे हैं! सच पूछिए तो वे एक ही काम करते हैं–हमारी कुंठाओं व लोभों को प्रायोजित करने का। आकांक्षा व प्रतीक्षा के द्वंद्व की वह फांस तो इसमें लगातार उनकी मदद करती ही है, जिससे एक विज्ञापन के शब्द उधार लेकर कहें तो कोई बच नहीं पायेगा। अमीरों के लिए उनका संदेश होता है कि वे अभी और अमीर हो सकते हैं जबकि गरीबों के लिए यह कि उन्हें अपने जिल्लत या बदहाली के दिन खत्म करने हैं तो फौरन से पेश्तर लूटो–खाओ की ग्लोबल आंधी का हिस्सा बन जाना और ऐर्य का कोई न कोई कोना अपने नाम आरक्षित करा लेना चाहिए। जिनसे और कुछ करते न बने, उन्हें अपने लोभ की तुष्टि के लिए श्कौन बनेगा करोड़पतिय जैसे खेल खेलकर अपने दिन बहुरा लेने चाहिए। क्या आश्चर्य कि बड़ी कम्पनियां बड़े–बड़े पैकेज देकर हमारी युवाशक्ति के एक हिस्से को हमारी ही लूट के अभियान में इस्तेमाल कर रही हैं। उन्होंने हमारे समूचे सत्तातंत्र को ऐसी रतौंधी के हवाले कर दिया है कि वह उनके अंतर्विरोधों को भी आशा की निगाह से देखता और गरीबी की रेखा के बीचे जीवन यापन करने वालों व कुपोषितों की संख्या तक को विवादास्पद बनाकर उनकी ओर से निगाहें फेर लेता और आगे बढ़कर नये इंडिया के जन्म का सोहर गाता है। उसे इससे कोई मतलब नहीं होता कि ये कम्पनियां अब राजनीति से नियंत्रित होने के बजाय उसको नियंत्रित करने लगी हैं।

दुर्भाग्य से फिर भी हम उन्हें इंगित करने को उत्सुक नहीं हैं, जो लगातार हमारे लोभों व लालचों को बेकाबू करने में लगे हैं। हालात यहां तक आ पहुंचे हैं कि 2014 में सब–कुछ बदल डालने के वायदे पर सिंहासन पर बैठे हमारे नये सत्ताधीश भी 24 जुलाई, 1991 को नरसिंहराव सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक नीतियों की सड़कों पर ही फर्राटा मारते बढ़े जा रहे और उन्हें हाइवे में बदल रहे हैं–भले ही उन नीतियों के प्रवर्तक अमेरिका तक का मन अब उन नीतियों से खट्टा हो चुका है और वह उन पर आंशिक ही सही, पुनर्विचार करता हुआ श्अमेरिका फर्स्टय तक लौट चुका है।



# जिस तरह से Shubman Gill खेल रहा है, उसे खुद पर तरजीह दूंगा : शिखर धवन

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने कहा कि पिछले कुछ समय में शुभमन गिल की बल्ले से फॉर्म को देखते हुए वह राष्ट्रीय टीम में शामिल करने के लिये इस युवा क्रिकेटर को खुद पर तरजीह देंगे। गिल इस सत्र में तीनों प्रारूपों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया है जबकि धवन फॉर्म में गिरावट के कारण इस दौड़ में पिछड़ गये हैं। गिल ने इस साल सभी तीनों प्रारूपों में शतक जड़ चुके हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में एक दोहरा शतक और अहमदाबाद में ड्रा रहे चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक शामिल है। वहीं 167 वनडे



के अनुभवी धवन घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वह मौजूदा फॉर्म को देखते हुए 23 साल के खिलाड़ी गिल को ही चुनेंगे। धवन ने 'आज तक' से कहा, ''मुझे लगता है कि जिस तरह से शुभमन खेल रहा है। वह दो प्रारूपों में खेल रहा था और टेस्ट और टी20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। वह अंतरराष्ट्रीय सर्किट में ज्यादा मैच खेल रहा था जबकि मैं नहीं। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं निश्चित रूप से शुभमन को मौका देता। शिखर के बजाय शुभमन को चुनता।'' धवन ने साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने पहले उनका समर्थन किया था और उन्हें वनडे विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए कहा था लेकिन उनकी फॉर्म में गिरावट के साथ गिल के शानदार प्रदर्शन करने से उन्होंने टीम में अपना स्थान गंवा दिया। धवन ने कहा, ''जब रोहित ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी, उन्होंने और राहुल ने मुझे कहा कि मैं अपना ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर लगाये रखूं और अगले विश्व कप तक मेरा लक्ष्य यही होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''2022 मेरे लिये बहुत अच्छा रहा, मैं वनडे में निरंतर था। लेकिन यह युवा खिलाड़ी (गिल) दो प्रारूपों में अच्छा कर रहा था और जब एक या दो श्रृंखलाओं में मेरी फॉर्म में गिरावट आयी तो उन्होंने शुभमन को मौका दिया और वह उम्मीदों पर खरा उतरा।'' धवन ने कहा, ''हम इस तरह के हालात के आदी हैं। जब ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा तो एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं टीम से बाहर हो सकता हूं। यह क्रिकेट में नया नहीं है। या यह सिर्फ मेरे साथ हुआ हो, कई और भी इस तरह की स्थिति का सामना कर चुके हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब एक कप्तान, कोच और चयनकर्ता फैसला करते हैं तो वे इस पर काफी सोच विचार करते हैं।

# पंत को पूरी तरह से ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए: गांगुली

नयी दिल्ली। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की कवायद शुरु करने से पहले अपनी चोटों से पूरी तरह ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए। पिछले साल दिसंबर में पंत एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। इस समय वह अपनी चोटों के उपचार के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने विकेटकीपर बल्लेबाज की कमी महसूस करेगी। पिछले कुछ सत्र से पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे



हैं। गांगुली इस टीम से क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़े हैं। गांगुली ने आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रीय टीम को भी उनकी कमी खल रही है। वह युवा है और उसके करियर में काफी समय बचा है। वह विशेष खिलाड़ी है और उसे पूरी तरह ठीक होने के लिए अपना पूरा समय लेना चाहिए। हम उन्हें शुभकामनायें देते हैं और मैं उससे मिलूंगा भी।'' गांगुली आईपीएल 2023 चरण से पहले अरूण जेटली स्टेडियम में टीम के सत्र पूर्व शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर लगाये हैं। डेविड वॉर्नर (इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान) के बारे में पूछने पर गांगुली ने कहा, ''डेविड वॉर्नर टीम की अगुआई के लिए उत्सुक हैं, वह शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने काफी रन बनाये हैं और वह काफी अनुभवी भी हैं।

# Modi us Karnataka में लोगों से BJP को पूर्ण बहुमत देने का आग्रह किया, कांग्रेस पर साधा निशाना

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की वापसी की जोरदार पैरवी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्य के लोगों से पार्टी को पूर्ण बहुमत देकर स्थायी सरकार बनाने की अपील की। राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। तेजी से विकास को समय की जरूरत बताते हुए उन्होंने कर्नाटक के लोगों से आग्रह किया कि वे राज्य को 'जोड़–तोड़ की राजनीति' से बाहर निकालने में मदद करें।

उन्होंने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा राज्य को विकसित भारत की प्रेरक शक्ति बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे ''अपने नेताओं के खजाने को भरने वाले एटीएम'' के रूप में देखती है। मोदी ने कहा, ''कर्नाटक ने अवसरवादी और स्वार्थी गठबंधन सरकारों का एक लंबा दौर देखा है। कर्नाटक को ऐसी सरकारों के कारण नुकसान हुआ है। इसलिए, कर्नाटक के तेजी से विकास के लिए, भाजपा को पूर्ण बहुमत और स्थिर सरकार की जरूरत है।''

यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सवाल किया, ''जब किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा, तो क्या कर्नाटक की हालत खराब होगी या नहीं? आप एक मजबूत और स्थिर सरकार चाहते हैं या नहीं? क्या आप पूर्ण बहुमत वाली सरकार चाहते हैं या नहीं?'' मोदी ने कहा, ''पहला काम कर्नाटक को जोड़–तोड़ की राजनीति से बाहर लाना और उसे तेज गति से आगे ले जाना होना चाहिए।''

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की राज्यव्यापी 'विजय संकल्प यात्रा' के समापन के अवसर पर आयोजित रैली में मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या वे चाहते हैं कि वह उनकी और कर्नाटक की सेवा करें। उन्होंने कहा, ''अगर मुझे आपकी सेवा करनी है और आपके लिए कुछ करना है, तो मुझे कर्नाटक में भाजपा की मजबूत सरकार की जरूरत होगी, और आपको भाजपा को जीत दिलानी होगी और इसकी मजबूत सरकार लानी होगी।''

'विजय संकल्प यात्रा' इस महीने की शुरुआत में विशेष रूप से डिजाइन किए गए रथ में राज्य भर में चार अलग–अलग दिशाओं से शुरू हुई थी और यह सभी 224 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरा। विपक्षी दल कांग्रेस



पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उसके नेता चुनाव से पहले ''झूठी गारंटी का थैला लेकर घूम रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उनका हाल के बजट में जिक्र नहीं किया गया।

उन्होंने कहा, ''क्या हम झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पर भरोसा कर सकते हैं? क्या उन्हें कर्नाटक के अंदर एक कदम रखने की अनुमति दी जानी चाहिए या उन्हें बाहर निकाल देना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों को सावधान रहना चाहिए और उन्हें ''अपना खेल खेलने का मौका नहीं देना चाहिए।'' कांग्रेस के पास देश और कर्नाटक के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं होने का दावा करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल सपने देख रहा है और यहां तक कि सार्वजनिक रूप से कह रहा ''मोदी तेरी कब्र खुदेगी।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन वे नहीं जानते कि कर्नाटक के लोग कह रहे हैं 'मोदी तेरा कमल खिलेगा।'' कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, वरिष्ठ भाजपा नेता बी एस येदियुरप्पा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, राजीव चंद्रशेखर तथा ए नारायणस्वामी समेत कर्नाटक के कई मंत्री इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के गृहनगर कलबुर्गी में महापौर और उप महापौर चुनावों में भाजपा की जीत की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह एक अच्छा संकेत है जो पार्टी की विजय यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। कर्नाटक ने डबल इंजन सरकार को सत्ता में वापस लाने का फैसला कर लिया है।''

उन्होंने कहा, ''यहां मेरा कार्यक्रम पहले से तय था, इसलिए आया हूं लेकिन इत्तेफाक से महापौर चुनाव के नतीजे आ गए। लेकिन कांग्रेस इसे मेरे दौरे से जोड़ेगी और कहेगी कि मैंने कुछ किया है और इसलिए वे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह क्षेत्र में हार गए।'' बिना नाम लिए कांग्रेस नेता सिद्धरमैया पर कटाक्ष करते हुए, मोदी ने एक कार्यकर्ता को कथित तौर पर थप्पड़ मारने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने का हवाला दिया और कहा, ''जो लोग अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं कर सकते, वे जनता का सम्मान कैसे कर सकते हैं?''

मोदी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि भाजपा में सभी कार्यकर्ता समान हैं और उनके लिए कर्नाटक भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता ''करीबी मित्र और भाई'' जैसा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने देश में ''धारणा की राजनीति को प्रदर्शन की राजनीति'' में बदल दिया है, और हाल में राज्य में उनके द्वारा शुरू की गई विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''यह एक डबल इंजन वाली सरकार है जो दिन–रात काम करती है। मुफ्त राशन देने से लेकर मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल तक, यह गरीबों की देखभाल और काम कर रही है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत की ओर देख रही है और भारत कर्नाटक की ओर देख रहा है। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में कर्नाटक की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ''विश्व बाघ दिवस'' के अवसर पर अप्रैल के पहले सप्ताह में एक बार फिर कर्नाटक का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार वन्यजीव और बाघों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

# विराट का जुनून पसंद है, उनके साथ बल्लेबाजी करना शानदार था: गेल

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल



ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के जुनून और उनके काम करने के तरीके की प्रशंसा करने साथ रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) में खेलने के दौरान दोनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को याद किया। गेल और कोहली ने आईपीएल में कई सत्र एक साथ बिताये जिसमें वे प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों पर हावी रहते और चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का मनोरंजन करते जिसमें वे कम से कम 10 शतकीय भागीदारियां निभा चुके हैं। गेल ने कहा, ''विराट के साथ बल्लेबाजी करना शानदार था। मुझे उनका खेल के प्रति जुनून बहुत पसंद है। मुझे उनका जुनून, उनका काम करने का तरीका पसंद है, यह शानदार है। आपको इसके लिये उन्हें श्रेय देना होगा और वह अपने प्रदर्शन से इसे दर्शाना चाहता है।'' 'जियो सिनेमा' पर उपलब्ध 'माई टाइम विद विराट' एपिसोड में गेल ने कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के अनुभवों के बारे में बात की। गेल ने कहा, ''विराट और अन्य खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना हमेशा ही खुशनुमा रहा है। मैंने हमेशा आनंद उठाया है, डांस किया है और इसी तरह की चीजें हुई हैं।'' आरसीबी अपने पूर्व खिलाड़ियों गेल और एबी डिविलियर्स को फ्रेंचाइजी में उनके योगदान के लिए सम्मानित कर रही है।

## कविता

नवरात्रि के छठवें दिन मां को  
कात्यायनी रूप में पूजते हैं,  
शहद और चंदन का लेपन  
मैया जी को करते हैं।  
हो के सिंह सवार मां  
चतुर्भुजी कहलती हैं,  
भक्तों की रक्षा करने को मां  
सभी युगों में आती हैं।  
पुत्री बनकर जन्मी मैया  
कात्यायन ऋषि के द्वार,  
कात्यायनी कहलाई तब  
महिषासुर का किया संहार।  
ऋषि–मुनियों को बचाया  
असुरों के अत्याचार से,  
अति प्रसन्न होती हैं मैया  
फूलों में हरश्रृंगार से।  
फलों में नारियल का भोग  
मैया को अत्यंत प्यारा है,  
जो भजे मैया को मन से  
मां देती उसे सहारा हैं।।  
जय माता दी....



**डॉ सीमा मिश्रा/**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

# इजराइल के रक्षा मंत्री ने न्यायिक सुधार को रोकने का आह्वान किया

इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने न्यायपालिका में आमूल–चूल परिवर्तन की धुर दक्षिणपंथी सरकार की विवादास्पद योजना को शनिवार को तत्काल और अस्थायी रूप से रोकने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार के मंत्री का यह बयान सार्वजनिक रूप से उनके प्रति लोगों के असंतोष को व्यक्त करता है। गैलेंट ने विपक्ष के साथ बातचीत की आवश्यकता का हवाला देते हुए नेतन्याहू के गठबंधन को यहूदी त्योहार फसह की छुट्टी के बाद तक इंतजार करने को कहा। यह छुट्टी पांच अप्रैल से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि वह चिंतित हैं कि न्यायपालिका में आमूल–चूल परिवर्तन करने की योजनाएं देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। इस योजना ने इजराइल के इतिहास में सबसे बड़े विरोध आंदोलन को जन्म दिया है। इसके खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरकर विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। इजराइल



की संसद ने बृहस्पतिवार को न्यायपालिका में आमूल–चूल परिवर्तन के लिए प्रस्तावित कई विवादित कानूनों में से पहले कानून को पारित कर दिया। संसद से उक्त कानून ऐसे समय में पारित हुआ है, जब सड़कों पर इसके खिलाफ विरोध–प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि देश इससे अधिनायकवाद की ओर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार ने विधेयक को मंजूरी दी, जो भ्रष्टाचार और हितों से टकराव के मामले में सुनवाई का सामना कर रहे इजराइली नेता को शासन करने से अयोग्य करार दिए जाने से बचाएगा। आलोचकों का कहना है कि यह कानून नेतन्याहू के लिए बनाया गया है और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और न्यायपालिका में बदलाव को लेकर जनता के बीच खाई और चौड़ी होगी। कानूनी बदलावों को लेकर देश दो धड़ों में बंट गया है। एक वर्ग का मानना है कि नयी नीतियां इजराइल को उसके लोकतांत्रिक मूल्यों से दूर कर रही हैं, जबकि दूसरे धड़े का कहना है कि उदार न्यायपालिका सीमा से परे जाकर देश चला रही है। न्यायपालिका में बदलाव संबंधी सरकार की योजना से देश 75 साल में पहली बार सबसे बुरे लोकतांत्रिक संकट से घिर गया है।

# America में तूफान की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत



रोलिंग फोर्क। अमेरिका के मिसिसिपी और अलबामा में शुक्रवार रात को शक्तिशाली तूफान की चपेट में आने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। तूफान से मची तबाही के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बचावकर्ता राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। मिसिसिपी आपात प्रबंधन एजेंसी ने शनिवार को बताया कि तूफान में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। उसने बताया कि राज्य में लापता हुए चार लोगों का पता लगा लिया गया है। इस बीच 'एएल डॉट कॉम' ने बताया कि उत्तरी अलबामा की मोर्गन काउंटी में तूफान के कारण मची तबाही में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने तूफान की पुष्टि की, जिससे मिसिसिपी में जैकसन के उत्तर पूर्व में करीब 96 किलोमीटर तक तबाही मची। ग्रामीण कस्बे सिल्वर सिटी और रोलिंग फोर्क में तूफान से क्षति की सूचना मिली है, जो बिना कमजोर हुए 113 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पूर्व की ओर विनोना और आमोरी होते हुए अलबामा की तरफ बढ़ा। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने आपात स्थिति की घोषणा की और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी संघीय मदद देने का वादा किया है।

# Belarus में परमाणु हथियार तैनात करेगा रूस: पुतिन



मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को पड़ोसी देश बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करने की अपनी योजना जाहिर की। पुतिन ने कहा कि यह योजना यूक्रेन को 'डिप्लेटेड यूरेनियम' वाला गोला–बारूद देने की ब्रिटेन की योजना की जवाबी प्रतिक्रिया है। रूस का दावा है कि ये गोला–बारूद परमाणु घटक से लैस हैं। पुतिन ने रूस के सरकारी टेलीविजन के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जैंडर लुकाशेंको काफी समय से इन हथियारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेलारूस में इन हथियारों के भंडारण के लिए उचित ढांचों का निर्माण एक जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। रूस ने यूक्रेन में सेना भेजने के लिए बेलारूस के क्षेत्र को एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया है। कीव पर आक्रमण के बीच मॉस्को और मिन्स्क ने करीबी सैन्य संबंध बरकरार रखे हैं।

# विकास के लिए 505.15 करोड़ के बजट पर प्रभारी मंत्री ने लगाई मुहर

## जिला योजना समिति की बैठक में सांसद, विधायकों ने पूछे सवाल तो अफसर झांकने लगे बगले

देवरिया। जिले का प्रभारी मंत्री न होने के कारण करीब डेढ़ साल से बैठक की राह देख रही जिला योजना समिति की बैठक विकास भवन के सभागार में परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने ली। उन्होंने विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 45 विभागों के 505 करोड़ 15 लाख के खर्च होने वाले बजट पर अंतिम मुहर लगाई। दूसरी तरफ जनप्रतिनिधियों ने बैठक में कुछ अफसरों की कार्यशैली को लेकर सवाल भी खड़े किए। सदर सांसद ने तो यहां तक कहा दिया कि मध्याह्न भोजन के तहत बांटे जाने वाले फल और दूध का हिसाब दिया जाए। रामपुर कारखाना विधायक ने मुख्यमंत्री सामूहिक योजना में अपात्रों के चयन को लेकर सवाल पूछा।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने जो भी सुझाव दिए हैं, उसका भी प्राथमिकता से पालन किया जाए। अधिकारी उनसे संवाद बनाएं रखेंगे। सभी को टीम भावना से काम करना होगा। हम सभी को जनपद को विकास की दिशा में अग्रणी रखने में भूमिका निभानी होगी। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के संबंध में बैठक के दौरान आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की संघन चेकिंग की जाए। ऐसे संलिप्तों के विरुद्ध एनएसए के तहत कार्रवाई करें। विधायक दीपक मिश्रा ने खाद्य औषधि विभाग की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने मध्यान्ह भोजन के तहत एक करोड़ 45 लाख रुपये के फल, दूध का वितरण बच्चों में किए जाने की जानकारी बीएसए से उपलब्ध कराने को कहा। सलेमपुर सांसद रविंदर कुशवाहा ने भी जन सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को रखा।

रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने जनपद में दुग्ध समितियों को और क्रियाशील किए जाने तथा अधिक से अधिक दुग्ध संकलित किए जाने की बात रखी। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने एनआरएलएम में अनियमितता तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की पात्रता में अनियमितता पर सवाल किए। जिस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इन सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई के साथ जांच के लिए आश्वस्त किया। भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर ने क्षेत्रीय जन समस्याओं को रखा। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार एवं अर्थ संख्या अधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने विभागवार परिव्यय व एजेंडा बिंदुओं को समिति के सामने रखा तथा अब तक की जिला योजना की प्रगतियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत अध यक्ष पं.गिरीश चंद तिवारी, एमएलसी डॉ. रतन पाल सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, बांसगांव सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि अवधेश सिंह, राजू मणि, सदर विधायक प्रतिनिधि नवीन, सीएमओ डॉ. राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर और अंबिकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

खबर छपी तो अफसरों ने दिखाई तेजी

देवरिया। करीब डेढ़ साल से जिला योजना की बैठक न होने के मुद्दे को अमर उजाला ने फरवरी माह के 12 और 13 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसमें बताया गया था कि प्रभारी मंत्री बार–बार बदलने के कारण जिला योजना समिति की बैठक नहीं हो पा रही है। जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खबर प्रकाशित होने पर जिला योजना समिति की बैठक कराने के लिए अफसर जुट गए। इसके बाद वित्तीय वर्ष बीतने के ऐन मौके पर जिला योजना समिति की बैठक कराकर बजट पर अंतिम मुहर लगा दी गई।

ओडीओपी योजना के तहत किया टूलकिट का वितरणः देवरिया। प्रभारी मंत्री ने ओडीओपी योजना के तहत 14 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया, जिसमें नंदी चौरसिया, सुजाता देवी, सोमरी, सुदामी देवी, ममता प्रजापति, प्रियंका प्रजापति, शशिप्रभा पांडेय, प्रतिमा पत्नी, राधा देवी, काजल जायसवाल, कलमा खातून, झांती, नीतू देवी, उषा शामिल रहीं।

जनता के हित में चौमुखी विकास का कार्य कर रही सरकार : प्रभारी मंत्रीः देवरिया। प्रदेश सरकार के द्वितीय कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन के गांधी सभागार में सूचना विभाग की ओर से विधान सभावार प्रकाशित विकास पुस्तिका का विमोचन जनपद के प्रभारी व परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह व अतिथियों ने किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा है कि जनता के हित के लिए प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्ध व कटिबद्ध रहते हुए चौमुखी व सर्वांग्रीण विकास का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान, विकास एवं उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक योजनाओं को संचालित करते हुए उसे क्रियान्वित करने की कार्य सरकार की है।

# जिले को गोंडा–नरकटियागंज रेल लाइन से जोड़ने की होगी पहल

महराजगंज। जिले में पर्यटन व व्यावसायिक दृष्टि से असीम संभावना है। चावल, गेहूं व अन्य सामान की मालगाड़ी से ढुलाई के लिए रेल की आवश्यकता है। जिले को गोंडा से नरकटियागंज रेललाइन से जोड़ने की पहल होगी। इससे जहां लोगों की मुश्किल कम होगी, वहीं, रेलवे को भी लाभ होगा। ये बातें केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक व रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में ट्रैफिक अधिक होने की वजह से रेलगाड़ियों के आवागमन में विलंब होता है। बताया कि फरेंदा से घुघली के जुड़ जाने से गोंडा जहां नरकटियागंज रेलमार्ग से जुड़ जाएगा। वहीं, गोरखपुर में ट्रैफिक संबंधी समस्या भी कम होगी। डॉ. शिल्पी कन्नौजिया ने कहा कि जिले में औद्योगिक संभावनाओं, बौद्ध स्थानों व नेपाल से जुड़ने के संभावित लाभों को देखते हुए प्रस्ताव तैयार कर नीति आयोग के पास प्रस्तुत किया जाएगा। रेल प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि घुघली–फरेंदा रेललाइन के कार्य को मूर्त रूप दिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, उप मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह व जयमंगल कन्नौजिया, के साथ ही व्यापारी भी मौजूद रहे। व्यापारिक प्रतिनिधियों ने भी बताईं समस्याएंः व्यापारियों ने जिला मुख्यालय के रेल सेवा से जुड़ाव न होने की वजह से आ रही समस्या को बताया। सुरेश रूंगटा आदि ने कहा कि रेलवे की सुविधा के न होने से एक तरफ जहां उद्योग नहीं पनप पा रहे हैं, वहीं, स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पाद को अन्य जगहों पर भेजने में समस्या आ रही है। लकड़ी व्यवसाय को गतिशीलता नहीं मिल पा रही है। कृष्णगोपाल जायसवाल समेत अन्य लोगों ने कहा कि रेल सुविधा की बहाली से कच्चे माल व अन्य सामग्री को जिले में लाने व उत्पाद को बाहर भेजने में काफी सहूलियत होगी।

# 1.5 एकड़ जमीन में प्रधान डाक घर का शुरू होगा निर्माण

महराजगंज। प्रधान डाक घर भवन के लिए 1.5 एकड़ जमीन का आवंटन किया गया है। भवन निर्माण की लागत 4.02 करोड़ रुपये है। भवन निमार्ण का कार्य एक वर्ष के अंदर कर लिया जाएगा। महराजगंज प्रधान डाक घर से 18 उप डाक घर और 217 शाखा डाक घर संबद्ध है। डाक घर में पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटर से ग्राहकों को रेल टिकट बुकिंग सेवा दी जा रही है। ये बातें कलेक्ट्रेट परिसर में .केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रधान डाक घर के शिलान्यास के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि महराजगंज डाक घर में संचालित डाक घर पासपोर्ट सेवा केंद्र से आम जनों का पासपोर्ट बनाने की सेवा दी जा रही है। डाक विभाग से ऑनलाइन फंड ट्रांसफर की सेवा सभी डाक घरों से दी जा रही है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक महराजगंज में वित्त वर्ष 2022–23 में लगभग 25,000 खातों व 1.76 लाख ट्रांजेक्शन के माध्यम से लगभग 100 करोड़ से अधिक रुपयों का ट्रांजेक्शन किया गया है। पोस्टमास्टर जनरल गोरखपुर विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र जहां अन्य बैंक नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां डाक घर की पहुंच है। ग्राहकों को किसान सम्मान निधि खाते दो मिनट के अंदर खोलने की सुविधा है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक महराजगंज शाखा से अब तक लगभग 2.5 लाख खाते खोले गए हैं। कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक महाराजगंज शाखा को वित्त वर्ष 2022–23 से 1.91 करोड़ राजस्व का लक्ष्य दिया गया था। इसके सापेक्ष इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक महराजगंज ने दो करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त किया है। इस दौरान सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, विवेक गुप्ता, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अंधेरे को दूर कर ज्ञान की प्राप्ति ही जीवन का आधार: विचार दास

महराजगंज। ग्राम सभा रामपुर बुजुर्ग गांव में चंद्रिका शर्मा फूला देवी समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामपुर उत्सव का शुभारंभ मगहर मठ के महंत विचार दास ने किया। उन्होंने कहा कि अंधेरों को दूर कर ज्ञान की प्राप्ति ही जीवन का आधार है। परमात्मा की प्राप्ति साधना से ही संभव है। उसके बिना किसी का अस्तित्व नहीं है। इच्छा ही कबीर के जीवन की सच्चाई है। मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर अनिल रॉय ने कहा कि हमें फिर एक कबीर चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने समय में समाज की कठिन परिस्थितियों के बीच फंसे हुए मनुष्य के दुखों और उनकी चिंताओं और चुनौतियों को देखकर हमें बार–बार कबीर की याद आती है। किसान पीजी कॉलेज सिरोही के पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रकाश पांडेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के उत्सव और कबीर मेले का आयोजन एक नितांत सामाजिक और गौरवशाली परंपरा है। इतिहास के एक बेहद खराब और मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। समाज संस्कृत राजनीति विभिन्न क्षेत्रों में अपनी तरह की समस्याएं हैं। जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज महाराजगंज के दिग्विजय नाथ पांडेय ने कहा कि सामाजिक संस्कृतियों से सराबोर और कबीर की महत्ता पर आयोजित मेले से समाज में एक बेहतर माहौल बनेगा।

# गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलनापार में ताला तोड़कर हुई भीषण चोरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला बाजार |गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलनापार निवासी बिपिन कुमार राय के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवर चालीस हजार रुपया नगद सहित सामानों पर किया हाथ साफ शनिवार को गृहस्वामी गोरखपुर से अपने घर पहुचे तो देखे कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है अंदर गए तो कमरों का ताला टूटा पड़ा है |और कमरों में रखा सारा सामान गायब था |घटना की सूचना मुकामी थाना गोला पर दिया |जहां पुलिस ने उनके लिखित तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 120ध्23 धारा 457 380 आई पी सी में|मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया है। प्राप्त बिबरण केअनुसार गृह स्वामी बिपिन कुमार राय ने अपने द्वारा दिये गए लिखित तहरीर में लिखा है कि हम प्रार्थी पूरे परिवार के साथ गोरखपुर अपने खुद की मकान में रहते है |हमारी पत्नी नौकरी करती है |बेलनापार पैतृक घर है |घर पर ताला बंद रहता है |हम शनिवार को हर हप्ते में घर आते है और सोमवार को गोरखपुर चले जाते है |बीते 9 मार्च को बेलनापार से गोरखपुर गए थे |और 25 मार्च को जब घर आये तो देखे की घर के दरवाजों का ताला टूटा पड़ा है |अंदर के कमरे में रखा एक अदद सोने का चौन एक अंगूठी |कान का झाला एक अदद झुमका एक अदद मंगल सूत्र गले का सोने का हार , चांदी का पायल, बिछुवा और चालीस हजार रुपये नगद पर चोरों ने अपना हाथ साफ दिया है घटना की लिखित सूचना पर गोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है |इस प्रकरण पर थानाध्यक्ष गोला अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर पर धारा 457 व 380 आई पी सी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है |पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है।

# सोशल मीडिया के जरिये हुआ प्यार अब शादी से इन्कार

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक को सोशल मीडिया के जरिये गोरखपुर जनपद की एक युवती से प्यार करना महंगा पड़ गया। युवती ने युवक पर छह सालों से शारीरिक शोषण करने और गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने शाम को युवक के खिलाफ दुष्कर्म और गर्भपात कराने का रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई एसपी संकल्प शर्मा के आदेश पर की है।

गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा निवासी एक युवती और थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक के बीच छह सालों पहले सोशल मीडिया के जरिए प्यार की शुरुआत हुई। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। दोनों एक दूसरे से मिलने जुलने लगे। कभी युवक युवती के जनपद तो युवती युवक के जनपद आकर मिलते रहे। दोनों के बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गई कि दोनों पति पत्नी की तरह रहने लगे। इसी बीच युवती को गर्भ ठहर गया। उसने शादी के लिए दबाव डाला तो युवक कुछ दिन रुकने की बात कहते हुए गर्भपात करा दिया। युवती ने कोर्ट मैरिज के लिए प्रार्थना पत्र डाली तो युवक ने विरोध किया। फिर शादी से इन्कार करने लगा। युवती ने दो दिन पहले देवरिया पहुंचकर एसपी संकल्प शर्मा से न्याय की गुहार लगाई। स्थानीय पुलिस ने एसपी के निर्देश पर शाम को आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म और गर्भपात कराने का रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर ली है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक थाना क्षेत्र के सिसई गांव का निवासी है। वह शादी के लिए तैयार नहीं था। रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाने में भी काफी देर तक चली पंचायत, फिर भी नहीं बनी बातः खुखुंदू। पुलिस प्रेमी युगल को थाने बुलाई थी। पुलिस का प्रयास था कि बातचीत के जरिए मामला हल हो जाएं। प्रेमी युगल शादी के लिए तैयार हो जाएं। प्रेमिका इस फैसले से राजी थी। मगर प्रेमी शादी के लिए तैयार ही नहीं हुआ। थाने में दोनों को काफी देर तक बातचीत कर मामले को हल करने के लिए समय भी दिया गया। लंबे समय तक चली पंचायत भी बेकार साबित हुई। अंततरू बात नहीं बनी तो शाम को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमिका को नारी संरक्षण गृह देवरिया भेज दिया।

# पाक कला प्रतियोगिता में बर्डपुर की कांती अव्वल

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौगढ़ ,सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माणध्मध्यान भोजन



योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगढ़ के प्रांगण में किया गया। इसमें जिले के सभी 14 ब्लॉकों के 27 रसोइयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान बर्डपुर तथा दूसरा व तीसरा पुरस्कार बढ़नी के रसोइया को प्राप्त हुआ। सभी रसोइयों को तहरी बनाना था। पाक कला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राजकीय बालिका इंटर कालेज तेतरी बाजार की प्रधानाचार्य कल्पना पांडेय , जीजीआईसी बांसी की प्रधानाचार्य अनामिका पांडेय व प्रवक्ता डा. फूला देवी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. आरएन वर्मा ने अपनी भूमिकाः निभाई। धर्म प्रकाश श्रीवास्तव जिला समन्वयक मध्यान भोजन व ओमप्रकाश मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी खुनियांव की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुआ |जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बर्डपुर विकास खंड के कंपोजिट तिलसडी की कांती देवी, दूसरा स्थान बढ़नी विकास खंड के प्राथमिक हलौरा के रामदास एवं तीसरा स्थान बढ़नी के प्राथमिक मुजहना के मुन्नी लाल को मिला। इन्हें क्रमशः 3500 2500 1500 रुपये नकद पुरस्कार के रुप में प्रदान किया गया जबकि अन्य सभी प्रतिभागी रसोइयों को 500 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। शिक्षिका प्रार्थना मिश्रा की संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सत्येन्द्र गुप्ता,आलोक आनंद ,उत्कर्ष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# फरेंदा की जनता लकीर बनाती है : वीरेंद्र चौधरी

## .बीजेपी का दामन छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए राजेश मौर्या

दैनिक बुद्ध का संदेश

फरेंदा। सेठ पूरनमल जयपुरिया जूनियर हाईस्कूल में विधान सभा फरेंदा के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौध ारी एक साल पूरे होने पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष व फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी का भाजपा से कांग्रेस में आए पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व प्रध ाान राजेश मौर्या ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि राजनितिज्ञ पंडितों ने बताया था कि वीरेंद्र चौधरी के हाथ में विधायक बनने की रेखा नहीं है। लेकिन फरेंदा की जनता मेरे हाथ में रेखा बनाकर विधायक बनाकर विधान सभा में भेजा। लकीर फरेंदा की जनता बनाती है |उन्होंने कहा कि फरेंदा की जनता को रोजगार से जोड दूंगा और ठीकेदारी खत्म कर दूंगा। वीरेंद्र चौध ारी ने कहा कि विधानसभा फरेंदा के दरवाजे दरवाजे का चक्कर लगाकर बिधायक बना हूं आफिस आफिस का चक्कर लगा कर नहीं बना हूं। अंत में उन्होंने कहा कि पैसे वाले को नकार कर आगामी नगर पंचायत आनन्दनगर के चुनाव में पंजे वाले हाथ का बटन दबाकर भारी मतों से कांग्रेस के प्रत्याशी को जितावें। कांग्रेसी जिलाध्यक्ष शरद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर लोकतंत्र की हत्या की गई है। पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव ने कहा कि विधायक वीरेंद्र चौधरी ने फरेंदा की ठेकेदारी खत्म किया। उन्होंने ने कहा कि भाजपा रोजगार छीन रहीं हैं। प्रेम सिंह ने कहा कि वीरेंद्र चौधरी ने मुश्किलों में राह बनाया है। पूर्व सभासद रविन्द्र श्रीवास्तव ने विधायक वीरेंद्र चौधरी के विकास कार्यों को गिनाया। नगर पंचायत आनंद नगर में भी परिवर्तन का आह्वान किया। भाजपा से कांग्रेस में आए पूर्व जिला पंचायत सदस्य पूर्व प्रधान राजेश मौर्या ने विधायक वीरेंद्र चौधरी एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए बीजेपी पर निशाना साधा कहा कि बाबा साहेब का संविधान खध्तरे में है राहुल गांध ाी सीना ताने खड़े हैं। कार्यक्रम का संचालन पीसीसी सदस्य व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय सिंह एडवोकेट ने किया। इस दौरान राजन शुक्ल, ह्रदय नारायण पाण्डेय, सुनील राय, रामनेवास चौबे, गोपाल शाही,मनोज सिंह, रामविलास, राधेश्याम ,चुन्नु दूबे, डॉ ज्योति शंकर वर्मा, गणेश, राजेन्द्र,विनय तिवारी,अमर मणि, हनुमान, विनोद चौधरी, शिवाजी राव, प्रभाकर द्विवेदी रामललित मौर्य,अमीर मंसूरी,विन्दास वर्मा व संजय श्रीवास्तव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मां भद्रकाली धाम पर सुंदरकांड का पाठ हुआ सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नवरात्री के पन्चम् स्कन्ध् माता के दिन मां भद्रकाली ध




ााम मधुकरपुर में संपुटित सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। मां भद्रकाली के दरबार में नव वर्ष एवं इस नवरात्रि पर हर वर्ष की तरह मां चंडी का पाठ कराया जा रहा है |इसी क्रम में इस ध ााम पर श्री सुंदरकांड का पाठ बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कैलाश मणि त्रिपाठी, रामकरन गुप्ता,सुजीत जायसवाल सीताराम दुबे ,रवि श्रीवास्तव,अरुण प्रजापति, शेषमणि प्रजापति,मनीष शुक्ला,शुभम श्रीवास्तव,अनिल पांडे दया उपाध्याय,राजेश शर्मा, रामकुमार यादव, राजू शर्मा, विक्की शर्मा, टिंकू शर्मा सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण का एक दिवसीय बैठक का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज |नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवाभोज में स्थित



पंचायत भवन पर रविवार को सृष्टि सेवा संस्थान व ब्रेकथ्रू "मेरी बेटी स्ट्रांग" के द्वारा "वात्सल्य मिशन" के अंतर्गत ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की एकदिवसीय बैठक की गई। बैठक के दौरान सामुदायिक विकास कर्ता अंजली यादव ने उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक भेदभाव, लैंगिक हिंसा तथा ड्रापआउट बच्चों और उनके विकास के बारे में उपस्थित सभी लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां दिया। इस दौरान ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति कार्यक्रम में प्रमुख रुप से ग्राम प्रधान कोदई, आगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा मीना गुप्ता नारी संघ, किसान संघ, यूथ ग्रुप सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# गोंडा में सात दिवसीय वोटिंग में किस थाने ने मारी बाजी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा |अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर के नेतृत्व में दिनांक 11.03.2023 से दिनांक 17.03.2023 तक चलाए गए 07 दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम (डायरेक्ट पोल, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, आईजीआरएस, एफआईआर पंजीकरण, पासपोर्टध्चरित्र सत्यापन) के संबंध में जनपद गोंडा के समस्त थानों की वोटिंग कराई गई थी जिसमे थाना कोतवाली देहात के निवासियों ने वोटिंग कर थाना को0 देहात पुलिस की कार्यशैली की सराहना की तथा थाना को0देहात ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व थाना धानेपुर ने द्वितीय स्थान, थाना उमरीबेगमगंज ने तृतीय स्थान, थाना कोतवाली नगर ने चतुर्थ स्थान व थाना कटराबाजार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है |समस्त थानों के लोगो द्वारा की गई वोटिंगध्फीडबैक के लिए गोंडा पुलिस की ओर से सभी जनपद वासियों को धन्यवाद, गोंडा पुलिस समस्त प्रकरणों में त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही, सुरक्षा हेतु आपकी सेवा में सदैव तत्पर है ।

# लोकतंत्र में सबको अपनी बात करने व कहने का समान अधिकारः आशु

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव के0सी0 वेणुगोपाल(संसद सदस्य) के निर्देश पर रॉबर्ट्सगंज नगरपालिका स्थित गांधी प्रतिमा के नीचे बैठकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने सत्याग्रह के रूप में "रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम " ईश्वर–अल्लाह तेरे नाम सबको सम्मति दे भगवान " कहते हुए साथियो के साथ, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व–राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्सांसद रहे राहुल गांधी पर हुई कार्यवाही को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज किया ।देश के अंदर सब को यह मौलिक अधिकार है कि



वह अपनी बात समाज हित में आम–जनमानस के प्रति कर सकता है। देश में नौजवान, बेरोजगार, व्यापारी, किसान, आदिवासी, महिला, बुजुर्ग, आम जनमानस सब की बातों को लगातार उठाने का काम कांग्रेस पार्टी करती है और इस तरह की बातों पर कोई भी कार्यवाही अगर होती है तो देशध समाज में एक गलत संदेश जाता हैं, क्योंकि लोकतंत्र के अंदर हर व्यक्ति को अपना बात करने का पूरा अधिकार है ,वयवस्था रहा है कि विपक्ष सवाल करता है और सत्तारूढ़ पार्टी उसका जवाब देती है आशु दुबे ने कहा कि आज देश में व्यापारी परेशान है, और वह अपने बिजनेसध व्यापार को लेकर परेशान हो रहा है व्यापार में मुनाफा नहीं हो रहा है और खर्चे बढ़ते जा रहे हैं इस पर कोई भी बात करने को तैयार नहीं है, गौतम आनंद ने कहा कि किसान परेशान है डीजल महंगा है ,वही खाद भी महंगी होती जा रही है, अनियमित मौसम अलग किसानों को परेशान कर रहा है उसे अपनी खेती का सही मुआवजा भी नहीं मिल पा रहा है इस ओर कोई भी जनप्रतिनिधि ध्सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है।

युवा नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि कि सरकार डरी हुई उसको आम जनमानस की भावनाओं से कोई मतलब नहीं है और दबाव की राजनीति करना चाहती हैं, युवा नेता सूरज वर्मा ने कहा कि युवाओं पर वर्तमान समय में बोलने वाला कोई व्यक्ति नहीं है देश की आवाज बनकर राहुल गांधी सामने आए हैं और देश का युवा उनका सम्मान करता है।मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालो में आनंद गौतम,साहदाब आलम, ओम प्रकाश राम रहे ।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र का वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।जनपद में विश्वकर्मा श्रम सम्मान




योजना का समापन समारोह आज दिनाँक 26 मार्च को आईटीआई कॉलेज रावस्ट्सगंज में किया गया, इस अवसर पर विस्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड, सांसद पकौड़ी लाल कोल, सांसद राज्य सभा राम सकल, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व मुख्य विकास सौरभ गंगवार ने लाभार्थियों को विस्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया, इस अवसर पर राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि विस्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के माध्यम से प्राप्त लाभार्थी टूल किट के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित करते हुए अपनी आमदनी को बढ़ा रहे हैं स इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि इस छह दिवसीय विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के ट्रेनिंग कार्यक्रम के लाभार्थियों का छह दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया गया जिसमें लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित जानकारी प्रदान की गई, ट्रेनिंग के उपरांत आज लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित टूल किट का वितरण किया जा रहा है एवं 1500 रुपये की धनराशि लाभार्थी के खाते में मानदेय के रूप ट्रेनिंग संस्था के द्वारा प्रेषित की जाएगी, यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं

## जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर वेटरनरी यूनिट को किया रवाना

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोण्डा ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के तहत रविवार को 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट को अपने सरकारी आवास से हरी झंडी



दिखाकर रवाना किया गया। इन मोबाइल यूनिट की लागत 201 करोड़ है।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। सभी वेटरनरी यूनिट को पांच जोन में बांटा गया है। मुख्यमंत्री जी ने पशुपालन विभाग की हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1962 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान हेल्पलाइन नंबर पर अपनी समस्या दर्ज करा कर पशु उपचार हेतु निशुल्क सुविधा प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर पशुपालन, डेयरी अमर और मत्स्य पालन विभाग के केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला व पशुधन एवं दुग्धा विकास मंत्री धर्मपाल सिंह भी चौधरी मौजूद रहे। इस पूरे कार्यक्रम का एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार, अपर जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व उनकी पूरी टीम द्वारा देखा गया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा दो वेटरनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने सीवीओ को पशुविभाग के हेल्पलाइन नंबर 1962 के प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए।–इसके बाद जिलाधिकारी दुल्लापुर निकट कटहाघाट में पशु आरोग्य मेला में पहुंचे और पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गये स्टालों का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बजरंग–दल के कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभा यात्रा

### बोले– देश हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा, इस पर हमारा शीर्ष नेतृत्व काम कर रहा है

दैनिक बुद्ध का संदेश/ बृज भूषण तिवारी

गोंडा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को श्री राम उत्सव कार्यक्रम को लेकर शोभा यात्रा निकाली। यात्रा नगर के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय चौराहा होते हुए गुरुनानक चौराहा, झूलेलाल चौराहा, उग्रसेन चौराहा, महराजगंज चौराहा, जनपद चौराहा, पीपल चौराहा, अंबेडकर चौराहा होते हुऐ जिला पंचायत सभागार पहुंची। जहां धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार



में संपन्न हुआ।विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक शरदाकांत पाण्डेय ने बताया कि हम लोग श्रीराम उत्सव का कार्यक्रम माना रहे है।हम लोग पूरे नगर में शोभायात्रा करेंगे जय श्री राम और हिंदू नव वर्ष की शुभ कामना देंगे। हमारे केन्द्रीय मंत्री पंकज इसमें शामिल हुए।

**देश हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा:शारदा कांत पांडे**

बजरंग दल के विभाग संयोजक शरदाकांत पाण्डेय से सवाल पूछा गया कि पूरे भारत में हिंदू राष्ट्र घोषित करने को लेकर उठ रहे मांग पर संघटन का क्या व्यू रहेगा। इन सवालों पर शरदाकांत पाण्डेय ने कहा की हमारा शीर्ष नेतृत्व काम कर रहा है। हम सब भी चाहते है की हिंदू राष्ट्र बने और देश हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा।

## कोतवाली देहात क्षेत्र में गोंडा उतरौला मार्ग पर हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा। कोतवाली देहात क्षेत्र में गोण्डा–उतरौला मार्ग पर शनिवार को रात में ट्रैक्टर–ट्राली से दो हादसे हुए। पहले हादसे में घायल पीआरडी जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे हादसे में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को युवा कल्याण विभाग की ओर से क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी व पीआरडी जवानों ने परिजनों को ढांढ़स बंधाया और सहायता प्रदान की। थाना धानेपुर क्षेत्र के कर्मडीह के पंडित मुखिया के पीआरडी जवान मायाराम (50 ) गोंडा में रविवार को ड्यूटी करने गए थे। ड्यूटी से घर लौटते समय गोंडा–उतरौला मार्ग पर बिसवां गणेश के पास एक ट्रैक्टर–ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पीआरडी जवान को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो हो गई। इसकी खबर मिलते ही गांव के लोग गमजदा हो गए। रविवार सुबह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आयुष्मान यादव व पीआरडी के जवानों ने घर पहुंच कर उनके परिजनों को ढांढ़स बंधाया और श्रद्धांजलि दी।

## गोण्डा में संरक्षित बच्चों का मनाया गया जन्मोत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर गोण्डा। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत बाल गृह शिशु व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्था में संरक्षित बच्चों का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी द्वारा संस्था में संरक्षित बच्चों से केक कटवा कर किया। उन्होंने कपड़े, फल आदि का वितरण किया। श्री सोनी ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना संचालित है। समाज में बेटी–बेटा का भेदभाव खत्म करना, कन्या भ्रूण हत्या रोकना, बाल विवाह पर रोकथाम आदि हेतु महिला कल्याण विभाग सदैव तत्पर है।उन्होंने संस्था में रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा, खान पान आदि की जानकारी ली। इस दौरान संरक्षण अधिकारी चन्द्र मोहन वर्मा, संस्था प्रमुख उपेंद्र श्रीवास्तव, अधीक्षिका अर्चना श्रीवास्तव, अधीक्षिका सपना श्रीवास्तव, प्रोबेशन कार्यालय से दीपक दूबे, न्याय पीठ सीडब्लूसी से स्टेनो मनोज उपाध्याय, चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा व संस्था के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीबी को भनक तक नहीं हुई, शौहर ने कर लिया दूसरा शादी

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोण्डा। बीबी को भनक तक नहीं लगने पाई और घर वालों के मदद से शौहर ने दूसरा निकाह कर लिया। मामले में पहली बीबी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शौहर व सांस ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।इटियाथोक थाना क्षेत्र के दर्जीजोत गांव निवासिनी ने कौड़िया पुलिस में दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि आठ वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से उसका निकाह कौड़िया थाना क्षेत्र के बिराहिमपुरवा के मजरे कोंचवा में शाहबान उर्फ वसीम पुत्र इसराइल के साथ हुआ था।पीड़िता के पिता ने हैसियत के मुताबिक दान–दहेज देकर विदा किया था । वह अपने मायके से ससुराल बराबर आया जाया करती थी। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी, इसी बीच पीड़िता के शौहर ने चोरी चुपके अपने माता पिता के सहयोग से धानेपुर थाना क्षेत्र के बुद्धीपुरवा गांव में दूसरी शादी कर ली। जब पीड़िता को पता चला ऐतराज जताया तब विपक्षीगण ने पीड़िता को घर में बंद करके मारा पीटा तथा आलमारी व मोटर साइकिल तोड़ डाला तथा घर की लाइट भी काट दिया और कहा कि तुम मेरे घर से भाग जाओ नहीं तो तुम्हें जान से मार डालूंगा। आरोप है कि शौहर ने पीड़िता को मार पीट कर मायके छोड़ दिया।वह किसी तरह अपने दो बच्चों को लेकर भरण पोषण कर रही है।मामले में कौडिया पुलिस ने आरोपी शौहर, सांस ससुर के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अज्ञात अधेड़ का मिला शव, क्षेत्र में सनसनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र ।करमा थानाक्षेत्र अन्तर्गत झकाही उचका बेलन नदी के पास एक अधेड़ अज्ञात का शव मिलने से क्षेत्र में सन सनी फैल गयी। रविवार दोपहर सूचना पर पहुची पुलिस जांच परख में जुट गयी।थानाप्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह बताया कि उसकी उम्र लगभग (50) वर्ष रंग सावला , बगल में सायकिल खड़ी, सायकिल पर लाल गमछा टगा रहा। खबर लिखें जाने तक मृतक की मृत्यु किस कारण हुई पता नहीं चल पाया,तथा शव का शिनाख्त नही हुआ था ।श्री सिंह ने बताया कि शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है!विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना घोरावल पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में –26. मार्च को थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42ध2023 धारा 364, 302, 201, 34,120(बी) भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पारसनाथ सिंह पुत्र स्व0 रामयश सिंह निवासी ग्राम बगहा थाना चुनार जनपद मीरजापुर उम्र लगभग 66 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गयी ।

## जनपद में प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल का आगमन 27 मार्च को

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। राज्य मंत्री स्टाम्प एवं पंजीयन न्यायालय शुल्क का आगमन सोनभद्र में 27 मार्च को अपराह्न 12.30 होगा,सबसे पहले मंत्री भाजपा कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक में भाग लेंगे, उसके पश्चात जिला योजना की बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में करेंगे, जिला योजना की बैठक के पश्चात प्रेस प्रतिनिधि के साथ प्रेस वार्ता कलेक्ट्रेट सभागार में करेंगे, फिर उसके पश्चात जिले में हो रहे विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

## शिकायती पत्र देकर चकबंदी लेखपाल को हटाए जाने की ग्राम प्रधान ने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा ।पंडरी कृपाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा मलारी में पंचायत भवन पर बैठक हुई संपन्न काफी संख्या में ग्रामीण रहे मौजूद। बताते चलें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामप्रकाश वर्मा ने बताया कि पंचायत भवन में एक बैठक किया गया जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। ग्राम सभा के काफी लोगों ने चकबंदी को लेकर असंतुष्ट थे और चकबंदी लेखपाल से असंतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा के लोगों की राय सुनने के बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम प्रकाश वर्मा द्वारा लिया गया फैसले से लोग संतुष्ट दिखाई दिए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम प्रकाश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चकबंदी लेखपाल को हटाए जाने के संबंध में जिलाधिकारी गोंडा को शिकायती पत्र दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा मलारी में सन 2015–16 से चकबंदी प्रारंभ हुई। उस समय चकबंदी लेखपाल वंशी लाल वर्मा जो कि 2018–19 तक कार्यरत थे। इनका स्थानांतरण अयन्त्र हो गया उसके बाद पुनः 2022 में उनका स्थानांतरण चकबंदी विभाग में वापसी हुई। उसके 2 माह बाद फिर से अधिकारियों की मिलीभगत से मलारी का पुनः कार्यभार ले लिया उसके बाद कार्य को देखने लगे। उन्होंने बताया कि कभी भी इनके द्वारा ग्राम सभा कमेटी की कोई राय नहीं लिया जाता है। हमें जनता द्वारा ज्ञात हुआ कि गांव में इनके पुराने लोगों से संबंध है जो एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और धन उगाही करते हैं। उन्होंने बताया कि पाका 11 वा दुरुस्ती के नाम पर रू 2500 से ध5000 तथा खतौनी की नकल के नाम पर ध100 से ध200 वसूला जाता है। इस पर ग्राम प्रधान ने लेखपाल से मौखिक रूप से वार्ता किया तब लेखपाल ने कहा कि यह चकबंदी विभाग है हम अपने मनमानी ढंग से कार्य करेंगे क्योंकि मेरी पहुंच शासन तक है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि चकबंदी शुरू हुए लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं दलाली के चक्कर में अभी पर्चा 5 नहीं बट पाया है। इसलिए मलारी से चकबंदी लेखपाल वंशीलाल वर्मा को हटाकर किसी अन्य चकबंदी लेखपाल की नियुक्ति की जाने की मांग जिला अधिकारी गोंडा से की है। जिससे सुचारु रुप से चकबंदी का कार्य हो सके।

## पुलिस अधीक्षक ने किया जनप्रतिनिधिगण के साथ मासिक गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा कैम्प कार्यालय में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ मासिक समन्वय गोष्ठी आयोजित कर उनसे विचार–विमर्श किया गया । इस दौरान विधायक सदर भूपेश चौबे, विधायक घोरावल अनिल मौर्य, विधायक दुद्धी राम दुलारे गोंड़, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सांसद प्रतिनिधि पकौड़ी लाल कोल आदि उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# संभलकर करें दही का सेवन, आपकी सेहत बिगाड़ सकती हैं ये गलतियां

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है और अब इन दिनों में दही का सेवन घरों में रोज किया जाने लगेगा। गर्मी में हर कोई दही खाना पसंद करता है क्योंकि ये पेट को ठंडा रखता है। आयुर्वेद में दही के अनगिनत फायदे बताए गए हैं और इसे एक बढिया आहार माना गया है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, विटामिन बी–2, विटामिन बी 12, पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते है। लेकिन आपको दही का सेवन जरा संभलकर करना चाहिए क्योंकि कई बार यह आपकी सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता हैं। जी हां, दही के सेवन से जुड़ी कुछ ऐसी गलतियां हैं जो आपकी सेहत को बिगाडने का काम करती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको इसी से जुड़ी जानकारी देने जा रहे हैं।

रात को दही खाने से बचें

डॉक्टर ने बताया कि रात के समय दही का सेवन कभी नहीं करना चाहिए। रात को दही खाने से शरीर में सुस्ती आ सकती है, जो बलगम के उत्पादन के कारण होता है। आयुर्वेद के अनुसार दही के मीठे और कसैले गुण बलगम पैदा करते हैं, जिससे सांस लेने में समस्या, नाक बंद होना, गठिया और यहां तक कि सूजन भी हो जाती है।

ना करें ज्यादा मात्रा में सेवन

ऐसा कहा जाता है कि अगर आपका पाचन तंत्र कमजोर है तो आपको दही का सेवन रोजाना नहीं



करना चाहिए। पाचन तंत्र सही से काम ना करने पर ज्यादा दही खाने से आपको कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दही में फैट की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में इसका अधिक मात्रा में सेवन करने से आपका वजन भी बढ़ सकता है। इसके चलते हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है, जिससे घुटनों में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

दही को गर्म न करें: वैसे तो कोई दही को गर्म नहीं करता है लेकिन कुछ डिश दही के मिश्रण से बनी होती हैं। अगर आप दही के मिश्रण से बनी डिश को गर्म करते हैं, तो यह आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। डॉक्टर के अनुसार, दही को गर्म करने पर यह अपने गुणों को खो देता है।

ये लोग न करें दही का सेवन

मोटापा, कफ विकार, रक्तस्राव विकार या सूजन से जुड़ी बीमारियों से पीडिघ्त लोगों को दही के सेवन से बचना चाहिए। इसका सेवन करने से आपकी हालत और ज्यादा बिगड़ सकती है।

ना करें इन चीजों का दही के साथ सेवन

प्याज और दही

गर्मी के दिनों में हमारे बड़े बुजुर्ग हमें प्याज खाने की सलाह देते हैं। गर्मियों में प्याज खाने से लू से बचाव होता है। दरअसल दही शरीर को ठंडक पहुंचाता है और प्याज की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर प्याज और दही का सेवन एक साथ किया जाए तो यह हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

आम और दही

आम का मीठा स्वाद दही से बनी लस्सी और स्दीज का जायका और अधिक बढ़ा सकता है। पर बहुत से लोगों को इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि यह उनके स्वास्थ्य के लिए कितना बड़ा खतरा हो सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आम और दही की तासीर अलग–अलग होती है और इसीलिए इनका सेवन एकसाथ करने से शरीर में टॉक्सिन या विषैले तत्वों का स्तर बहुत अधिक बढ़ सकता है।

मछली और दही

सीफूड लवर्स के लिए मछली और चिकन को मेरीनेट कर उनसे अलग–अलग तरह की डिशेज तैयार करना खूब पसंद आता है। लेकिन, दही के साथ मछली का सेवन कई बीमारियों की वजह बन सकता है। दरअसल, मछली में प्रोटीन की मात्रा काफी अधिक होती है वहीं, दही में भी प्रोटीन पाया जाता है। जब प्रोटीन का सेवन अधिक मात्रा में किया जाता है तो इससे, पाचन तंत्र के लिए उसे पचा पाना मुश्किल हो जाता है और पेट में दर्द और इनडाइजेशन जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

दूध और दही

दूध और दही का नाम तो साथ में लिया जाता है लेकिन इन्हें साथ खाया नहीं जाता। दूध और दही साथ खाना या फिर दही खाने के तुरंत बाद दूध पीने पर एसिडिटी, जी मिचलाना, सीने में जलन, पेट फूलना और दस्त आदि हो सकते हैं। वहीं, दूध और दही फैट्स से भी भरपूर होते हैं इसलिए भी इन्हें साथ नहीं खाना चाहिए।

## मृणाल ठाकुर के बॉडीकॉन ड्रेस ने खींचा फैंस का ध्यान, देखें स्टाइल भरा अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में



बनी हुई हैं। टीवी करियर से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस का जल्द ही एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा मर्डर मिस्ट्री फिल्म गुमराह में। हाल ही में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ था जिसकी फोटोज उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने बेहद ही कम समय में अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने लेटेस्ट ब्लैक एंड व्हाइट कलर के लॉन्ग बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद ही किलर लुक्स में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जल्दी ही अपनी अपकमिंग फिल्म गुमराह में एक पुलिस अफसर के रोल में मर्डर मिस्ट्री को सुलझाती नजर आएंगी। ये फिल्म 7 अप्रैल को रिलिज होने जा रही है।  एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन फोटोज में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।




## मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल



टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजीमा बहुत शांत बच्ची है। श्रेनु पारिख इस प्यार को क्या नाम दूं? में अपनी किरदार के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आगे साझा किया कि अब वह अजीमा के साथ काम करने में सहज है और उसके साथ काम करते हुए एक अच्छी मां बनने की ट्रेनिंग भी ले रही है। वह सिर्फ 3 महीने की बच्ची है, लेकिन क्योंकि मैं उसके साथ अतिरिक्त समय बिताती हूं, वह मुझे पहचानती है। जब भी मैं उसे शांत करती हूं तो वह आसानी से शांत हो जाती है। हर बार जब मैं उसे  शोटू कहती हूं, तो वह तुरंत अपनी सबसे कीमती मुस्कान देकर मुझे जवाब देती है। वास्तव में, जब अजीमा मेरी गोद में होती है तो उसकी मां भी बहुत सुरक्षित महसूस करती है। और अब, अजीमा के मेरे जीवन में आने के बाद, मुझे वास्तव में लगता है कि किसी दिन, मैं एक अच्छी मां बन सकती हूं। यह शो प्रयागराज शहर में रहने वाली दो दोस्त मैत्री और नंदिनी के बीच सच्ची दोस्ती और बचपन के बंधन का प्रतिबिंब है, और कैसे परिस्थितियों के कारण उनका बंधन टूट जाता है। शो में श्रेनु पारिख, भाविका चौधरी और नमिश तनेजा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मैत्री जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## नाटू–नाटू सुनकर ही खाना खाता है जेहः करीना कपूर खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान के स्ट्रीमिंग टॉक शो व्हाट वीमेन वांट का चौथा सीजन रिलीज हुआ। उन्होंने खुलासा किया कि उनके छोटे बेटे जहांगीर को ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू नाटू पर डांस करना बहुत पसंद है और वह तब तक नहीं खाता, जब तक कि उसके लिए वह गाना नहीं बजाया जाता। एक्ट्रेस ने बताया, जब हम नाटू नाटू प्ले करते हैं तो जेह अपना रात का खाना खाता है और वह गाने का ओरिजनल वर्जन चाहता है न कि हिंदी डब वर्जन। गाना 2 साल के बच्चे के दिल को छू गया है, जो यह दिखाता है कि उन्होंने फिल्म और गाने में काफी काम किया है। 95वें एकेडमी अवॉर्ड में भारत के दो ऑस्कर जीतने के साथ, यह हर भारतीय के लिए गर्व की भावना लेकर आया है। करीना को उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत गर्व होता है कि दर्शक अधिक फिल्में देख रहे हैं, चाहे वह हिंदी फिल्में हों, क्षेत्रीय फिल्में हों, समानांतर फिल्में हों या डॉक्यूमेंट्री हों। लोग भारतीय सिनेमा को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं और इंडस्ट्री का हिस्सा होने के रूप में यह मेरे दिल को हमारे दर्शकों के प्रति गर्व और आभार से भर देता है। व्हाट वीमेन वांट का चौथा सीजन मिर्ची प्लस के यूट्यूब चौनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

## चाय से जुड़े इन भ्रमों में नहीं हैं कोई सच, जानिए क्या है हकीकत



चाय एक लोकप्रिय पेय है और इसका सेवन शरीर को ऊर्जा देने के साथ ही मन को सुकून देने में मदद करता है। हालांकि, बाजार में चाय की वैरायटी के बढने के साथ ही लोगों के मन में इससे जुड़े कई भ्रम घर करते जा रहे हैं, जबकि इनकी सच्चाई कुछ अलग ही है। चलिए आज हम आपको चाय से जुड़े कुछ ऐसे ही भ्रमों और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं।

भ्रम– चायपत्ती की शेल्फ लाइफ नहीं होती है

यह सिर्फ एक भ्रम है कि चायपत्ती की शेल्फ लाइफ नहीं होती है। सच तो यह है कि हर निर्मित उत्पाद की एक्पायरी डेट होती है। आमतौर पर चायपत्ती की शेल्फ लाइफ 6 से 8 महीने होती है। एक अध्ययन के अनुसार, चायपत्ती के एक्सपायर होने के बाद इसके कैटेचिन का स्तर 32 प्रतिशत कम हो गया, जिससे यह कम खाने योग्य और स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित हो गई।

भ्रम– ग्रीन टी पीने से वजन कम होता है

बहुत से लोगों का ऐसा मानना है कि ग्रीन टी पीने से वजन कम होता है, लेकिन यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है। भले ही ग्रीन टी में मौजूद पोषक तत्व मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और फैट बर्न करने में मदद करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि सिर्फ ग्रीन टी पीन से ही वजन कम होने लगता है। इसके साथ आपको अपनी डाइट और एक्सरसाइज पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

भ्रम– टी बैग खुली चायपत्ती जितने ही अच्छे होते हैं

शायद यह सबसे आम भ्रम है कि टी बैग खुली चायपत्ती जितने ही अच्छे होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। टी बैग्स उतने स्वास्थ्यवर्धक नहीं होते हैं, खासकर जब आप उनकी तुलना सामान्य ढीली चायपत्ती से करते हैं। दरअसल, टी बैग्स में आवश्यक पोषक तत्व और सुगंध की कमी होती है। यहां तक कि बैग भी सिल्क या कॉर्न प्लास्टिक के बने होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।

भ्रम– चाय में दूध मिलाने से इसके फायदे बेअसर हो सकते हैं

इस सूची में एक और लोकप्रिय गलत धारणा यह है कि दूध चाय के स्वास्थ्य लाभों को खराब कर सकता है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। दूध कैल्शियम, पोटैशियम और विटामिन– बी 2 और बी 12 से भरपूर होता है, जो चाय के पोषक तत्वों को हटाने के बजाय इसके मूल लाभों में और इजाफा करता है। जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री के मुताबिक, चायपत्ती की कैटेचिन मात्रा दूध के साथ या दूध के बिना समान रहती है।

भ्रम– गर्मी के दिनों में चाय पीना हानिकारक होता है

जिन लोगों को यह मानना है कि गर्मी के दिनों में चाय पीना हानिकारक होता है तो आपको बता दें कि ऐसा नहीं है। गर्मी और मानसून से लेकर पतझड़, सर्दी और वसंत तक चाय का सेवन हर मौसम के दौरान किया जा सकता है। गर्मियों के दौरान एक गरम कप चाय का सेवन करने से पसीना ज्यादा आता है, जिससे शरीर को तेजी से ठंडा होने में मदद मिलती है।